हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 26.07.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 05 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902


## MANY CHAMPIONS ONE LEGACY

Jharkhand Tourism
Nature's Hidden Jewel



इंडियनऑयल
IndianOil

DURAND CUP
SINCE 1888

135 TH EDITION - 2026

POWERED BY
SBI The banker to every Indian
Coal India Limited
A Maharatna Company

### GROUP C (RANCHI)

| | |
|---|---|
| Sunday, 26 July 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| Jamshedpur FC VS Defenders FC | 05:00 PM |
| Wednesday, 29 July 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| Indian Air Force FT VS Defenders FC | 7:00 PM |
| Tuesday, 04 August 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| Jamshedpur FC VS SC Delhi | 4:00 PM |
| Friday, 07 August 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| SC Delhi VS Defenders FC | 4:00 PM |
| Monday, 10 August 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| SC Delhi VS Indian Air Force FT | 7:00 PM |
| Thursday, 13 August 2026 \| (Ranchi \| Bmfs) | |
| Jamshedpur FC VS Indian Air Force FT | 4:00 PM |

Opening Ceremony & Inaugural Match

CHIEF GUEST
SHRI HEMANT SOREN
Hon'ble Chief Minister, Jharkhand

DATE: 26 JULY 2026 | TIME: 3:00 PM
BIRSA MUNDA FOOTBALL STADIUM, MORHABADI, RANCHI



ORGANISED BY THE INDIAN ARMED FORCES | SUPPORTED BY GOVERNMENT OF JHARKHAND

INFORMATION & PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT, JHARKHAND

PR- 385893 (IPRD) 26-27

एक नजर

## हजारीबाग पुलिस का बड़ा अभियान 16 आरोपी गिरफ्तार



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस ने एक साथ दो बड़ी कार्रवाई की। एक ओर जिले भर में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, तो वहीं दूसरी ओर चलकुसा थाना को नए थाना प्रभारी मिले। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार 23/24 जुलाई की मध्य रात्रि जिले में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में एससी-एसटी कांडों में फरार चल रहे अपराधियों, वारंटियों एवं अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस अभियान के लिए जिले में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में कुल 26 टीमें गठित की गई थीं, जिनमें लगभग 78 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। छापेमारी के दौरान कुल 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई आपराधिक तत्व फरार है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें।

## लोकतंत्र और देश के युवाओं की बड़ी जीत : तौकीर रजा

**बरही**: नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में धांधली के खिलाफ देश भर के छात्रों, युवाओं और विपक्षी दलों के निरंतर संघर्ष के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस बड़े फैसले को पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी तौक ीर रजा ने लोकतंत्र की एक ऐतिहासिक जीत बताया है। तौक ीर रजा ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर मैं पूरे देश के छात्र-छात्राओं, युवाओं और आम जनता को बधाई देता हूँ। यह तानाशाही और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमारे लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। लाखों होनहार बच्चों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया गया था, यह इस्तीफा उस छात्र शक्ति के आक्रोश और एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं के हक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ती आई है और आगे भी देश के भविष्य की रक्षा के लिए संकल्पित रहेगी। तौक ीर रजा ने कहा कि इस इस्तीफे ने साबित कर दिया है कि जनता की आवाज और युवाओं के हक के आगे सरकार को झुकना ही पड़ता है। उन्होंने पूरे देश को इस लोकतांत्रिक जीत की मुबारकबाद दी।

## शपथ पत्र

कार्यपालक दण्डाधिकारी, कोडरमा के समक्ष

मैं, महेश राणा (Mahesh Rana), पिता - स्व० बाबूलाल राणा, उम्र लगभग 47 वर्ष, व्यवसाय- गृहस्थी, धर्म- हिन्दू, राष्ट्रीयता- भारतीय, निवासी- गांव- मझगांवां, पोस्ट - कांको, थाना-जयनगर, जिला कोडरमा (झारखंड), शपथ पत्र संख्या- 38, दिनांक- 23-07-2026 को शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं -

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा मेरे आधार कार्ड संख्या 5233 में मेरा नाम महेश राणा (Mahesh Rana) अंकित है, जो सही एवं सत्य है।

2. यह कि मेरे एवं मेरी पत्नी के नाम से भारतीय स्टेट बैंक, सैनिक स्कूल, तिलैया शाखा में एक संयुक्त बैंक खाता संख्या 30333400452 संचालित है, जिसमें मेरा नाम गिरधारी राणा (Girdhari Rana) अंकित हो गया है, जो त्रुटिवश दर्ज हुआ है।

3. यह कि गिरधारी राणा (Girdhari Rana) एवं महेश राणा (Mahesh Rana) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

# बिहार तस्करी से पहले पुलिस का छापा मुखिया जी होटल से 384 बोतल व कैन बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध शराब का भंडारण कर उसे बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और होटल परिसर से 18 पेटी अवैध शराब एवं बीयर जब्त की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही के नेतृत्व में थाना प्रभारी पंकज कुमार तथा सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने ग्राम परसातरी स्थित मुखिया जी होटल में छापेमारी की। पुलिस टीम के पहुंचते ही होटल संचालक और वहां मौजूद कर्मचारी झाड़ियों का सहारा लेकर मौके से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान होटल के बरामदे की तलाशी लेने पर कुल 18 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब एवं कैन बीयर बरामद हुई। जब्त सामग्री में कुल 384 बोतल एवं कैन शामिल हैं। इनमें गॉड फादर कंपनी की 6 पेटी (144 कैन), किंगफिशर कंपनी की 7 पेटी (168 कैन), कार्ल्सबर्ग कंपनी की 1 पेटी (24 कैन), 8 पीएम कंपनी की 1 पेटी (12 बोतल) व्हिस्की तथा रॉयल ग्रीन कंपनी की 3 पेटी (36 बोतल) व्हिस्की शामिल है। पुलिस ने बरामद सभी शराब को जब्त कर लिया है तथा होटल संचालक एवं फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। मामले में उत्पाद एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुविंद्र राम, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक बादल कुमार महतो तथा चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवानों की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार और बिहार तस्करी नेटवर्क के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## बरही में हाथियों के झुंड से दहशत वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

▶ शाम 6 से सुबह 7 बजे तक जंगल-खेत में जाने से बचें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : क्षेत्र के जंगलों में हाथियों के झुंड के विचरण से ग्रामीणों में दहशत है। जंगली हाथी शाम ढलते ही जंगल से निकलकर गांव की ओर आ रहे हैं। इसे लेकर वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है। वनपाल पदाधिकारी अमर आनंद सरस्वती ने सभी बरही क्षेत्रवासियों से अपील की है कि शाम 6 बजे से सुबह 7 बजे तक कोई भी व्यक्ति जंगल और खेत की ओर न जाए। उन्होंने कहा कि हाथियों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। उन्होंने बताया कि स्थिति पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्ती कर रही है और टीम की मॉनिटरिंग सक्षम स्तर से की जा रही है। वन विभाग ने बचाव के लिए जारी की गाइडलाइन रात में रोशनी वाले स्थान पर ही रहें, कच्चे और मिट्टी के मकानों में रहने से बचें, जिनके पास पक्का मकान नहीं है वे अपने आसपास के पक्के मकान में रात बिताएं। घर में मादक पदार्थ न रखें। घर के आगे-पीछे यथासंभव आग जला कर रखें। अकेले सड़क पर आवागमन न करें। हाथी दिखने पर तुरंत दें सूचना यदि कहीं भी हाथियों का झुंड या हाथी दिखाई दे तो इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को इन नंबरों पर दें। 7994279559, 9304106048, 7480069738 कार्यालय : बरही वन क्षेत्र कार्यालय, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग जनहित में जारी।

## नीट विवाद पर बोले-मौलाना हेलाल अख्तर निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे सरकार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर चल रही राष्ट्रीय बहस के बीच हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सह चयकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं हो सकती। मौलाना हेलाल अख्तर ने कहा कि हाल के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि छात्रों की आवाज को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की भावनाओं और युवाओं की अपेक्षाओं का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। उनका मानना है कि छात्रों ने शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखकर देश में सकारात्मक संदेश दिया है।उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठते हैं तो इसका सीधा असर लाखों अभ्यर्थियों के मनोबल और देश की शिक्षा व्यवस्था की साख पर पड़ता है। इसलिए ऐसी घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मौलाना हेलाल अख्तर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी भी परीक्षा को लेकर छात्रों के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने केंद्र सरकार से ऐसी प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग की, जिससे सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी ईमानदारी और विश्वसनीयता के साथ संपन्न हों।

## हजारीबाग में 5वीं बार एआई रोबोट से हुआ मुफ्त डेंटल चेकअप 100 से अधिक बच्चों और शिक्षकों की हुई जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : आधुनिक तकनीक के माध्यम से दंत स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए आयुष्मान डेंटल क्लीनिक एवं डॉ. के.डी.एम.आर. फाउंडेशन की ओर से मिलेनियम पब्लिक स्कूल, पबरा रोड, हजारीबाग में निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। यह हजारीबाग में पांचवीं बार एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) रोबोट की सहायता से आयोजित डेंटल जांच शिविर था। शिविर में अत्याधुनिक एआई रोबोटिक तकनीक के माध्यम से 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दांतों की निःशुल्क जांच की गई। जांच के दौरान बच्चों में दांतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं जैसे टेढ़े-मेढ़े दांत, पायरिया, दांतों में गंदगी, कैविटी तथा अन्य दंत रोगों की पहचान की गई। इस शिविर की सबसे खास बात यह रही कि एआई रोबोटिक तकनीक की मदद से प्रत्येक बच्चे की सिर्फ दो मिनट में डिजिटल डेंटल रिपोर्ट तैयार कर तुरंत उनके अभिभावकों के व्हाट्सएप नंबर पर भेज दी गई। इससे अभिभावकों को अपने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की सही और समय पर जानकारी प्राप्त हुई, जिससे भविष्य में समय रहते उपचार कराने में सुविधा होगी। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को निःशुल्क टूथब्रश और टूथपेस्ट भी वितरित किए गए। साथ ही बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, सही तरीके से ब्रश करने तथा दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की विस्तृत जानकारी दी गई। आयुष्मान डेंटल क्लीनिक के निदेशक डॉ. संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि स्वस्थ दांत अच्छे स्वास्थ्य की पहचान हैं। उन्होंने सभी बच्चों और शिक्षकों को प्रतिदिन दो बार ब्रश करने, नियमित अंतराल पर दांतों की जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की दंत समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।

## मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में करें प्रशासन का सहयोग : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश भास्कर ने एक महत्वपूर्ण वीडियो संदेश जारी कर प्रखंडवासियों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रह जाए। बीडीओ ने अपने संदेश में सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन अवश्य कराएं। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या बदलाव की आवश्यकता हो तो उसका समय रहते सुधार करा लें। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की आधारशिला होती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान में भाग लेकर प्रशासन का सहयोग करे। बीडीओ नीतीश भास्कर ने लोगों से अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के नागरिकों को भी मतदाता सूची के सत्यापन एवं अद्यतन के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसहयोग से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफल होगा और आगामी चुनावों के लिए एक सटीक एवं विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग तेज कल डीसी को सौंपा जाएगा लाखों हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान को लेकर चलाए जा रहे 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत 27 जुलाई (सोमवार) को हजारीबाग में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के जिला प्रभारी दशरथ यादव ने बताया कि इस अवसर पर हजारों की संख्या में गोभक्त जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेंगे। इस अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तथा देशभर में गो संरक्षण को लेकर प्रभावी नीतियां लागू कराने की मांग को सरकार तक पहुंचाना है। जिला प्रभारी दशरथ यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे गांधी मैदान से होगी, जहां सभी श्रद्धालु एवं गोभक्त एकत्र होकर लगभग एक घंटे तक विजय मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। इसके बाद भजन-कीर्तन करते हुए गांधी मैदान से पीटीसी चौक, डिस्ट्रिक्ट मोड़ होते हुए समाहरणालय तक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे उपायुक्त महोदय को चार अलग-अलग ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि ज्ञापन प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम संबोधित होगा। इसके साथ ही गौ सम्मान के समर्थन में एकत्र किए गए चार से पांच लाख लोगों के हस्ताक्षर भी प्रशासन को सौंपे जाएंगे, ताकि जनभावनाओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। दशरथ यादव ने कहा कि 27 जुलाई को केवल हजारीबाग ही नहीं, बल्कि देश के सभी जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं जनजागरण पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं-गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान किया जाए, गो सेवा मंत्रालय की स्थापना की जाए तथा देशभर में प्रभावी गो-चारा नीति लागू की जाए। इसके साथ ही गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है। अभियान के आयोजकों ने जिले के सभी गौभक्तों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के इस जनआंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

## नितीन नबीन से मिले विधायक मनोज कुमार यादव, चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन



**हजारीबाग** : बिहार के बाँकेपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में झारखंड के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने पटना में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन से आत्मीय भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के बाद बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विश्वास जताते हुए कहा कि बाँकेपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए-भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की प्रचंड जीत तय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही विकास योजनाओं से प्रभावित है तथा भाजपा के पक्ष में मजबूत जनसमर्थन दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में एनडीए को भारी मतों से विजय मिलेगी। बैठक के दौरान भाजपा के संगठनात्मक विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा चुनावी तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक मनोज यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन ने पार्टी कार्यकताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने, जनता के बीच केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का मार्गदर्शन दिया। विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि मुलाकात के दौरान झारखंड में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों, पार्टी के विस्तार और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक यादव ने कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव प्रचार में जुटने और अधिक से अधिक मतदाताओं तक पार्टी की उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

## डीएवी बरही में स्क्रीन टाइम के प्रभाव पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**बरही** : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बरही में विद्यार्थियों में जागरूकता और प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने के उद्देश्य से रोजमर्रा के जीवन में मोबाइल एवं टीवी के स्क्रीन समय का प्रभाव विषय पर विद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों में बताया कि मोबाइल और टीवी का सीमित एवं उद्देश्यपूर्ण उपयोग शिक्षा, ज्ञान और मनोरंजन का प्रभावी माध्यम है, लेकिन अत्यधिक स्क्रीन समय से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों ने आँखों की समस्याओं, एकाग्रता में कमी, शारीरिक निष्क्रियता, नींद में बाधा तथा पारिवारिक संवाद में कमी जैसे दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही समय प्रबंधन, खेल-कूद, पुस्तक पठन, योग और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में शिक्षा सौडिक (कक्षा 8-सी) ने प्रथम, आरोही (कक्षा 7-ए) ने द्वितीय तथा आराध्य (कक्षा 8-डी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक आज की आवश्यकता है, लेकिन उसका संतुलित और जिम्मेदार उपयोग ही जीवन को स्वस्थ एवं सफल बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल अनुशासन अपनाने और स्क्रीन समय को नियंत्रित रखने की अपील की। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## बिरहोर बच्चों संग केक काटकर रितेश खण्डेलवाल ने मनाया जन्मदिन



**हजारीबाग** : यूँ तो जन्मदिन खुशियां मनाने और अपनों के साथ यादगार पल बिताने का अवसर होता है, लेकिन हजारीबाग के युवा पत्रकार एवं समाजसेवी रितेश खण्डेलवाल ने अपने 29वें जन्मदिन को जरूरतमंद बिरहोर परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के लिए समर्पित कर समाज के सामने सेवा, संवेदना और मानवीय मूल्यों की एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की। रितेश खण्डेलवाल ने हजारीबाग शहर से सटे डेमोटांड़ स्थित बिरहोर बस्ती पहुंचकर वहां के बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान महिलाओं के बीच साड़ी, पुरुषों को धोती, गंजी एवं गमछा वितरित किया गया। वहीं बच्चों को बिस्कुट, चॉकलेट सहित अन्य खाद्य सामग्री के साथ स्लेट, चॉक, कॉपी, पेंसिल, रबर और शार्पनर जैसी शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। करीब एक घंटे तक सभी ने बिरहोर बस्ती में समय बिताया, बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ हंसी-खुशी के पल साझा किए। इसके बाद सभी बच्चों के साथ मिलकर केक काटा गया, जिससे जन्मदिन का यह अवसर पूरे बस्तीवासियों के लिए यादगार बन गया। लोगों ने रितेश खण्डेलवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया,संस्था के मार्गदर्शक संजय कुमार,कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन,राजेश जैन, सेजल सिंह,खुशी कुमारी, अजीत चंद्रवंशी, विनय पांडे सहित कई सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## दुलमाहा के औरया में पुनः हाथियों का दस्तक से ग्रामीण दहशत में



**बरही** : पिछले दो दिनों से हाथियों के झुंड ने बरही थाना क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में कहर बरपा रहें हैं। गुरुवार एवं शुक्रवार को औरपरता जंगल एक चरवाहा को कुचला, पंचमाधव में एक किसान को घायल किया तो दुलमाहा में एक दलित परिवार का घर का खिड़की तोड़ अनाज खाया।इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए बरही पुलिस एवं वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने के लिए दिन रात लगे हुए। शुक्रवार देर रात पुनः दुलमाहा गांव के औरया में दलित परिवार के घर पर हमला बोला परंतु वन विभाग की टीम की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा टल गया। हाथियों ने रात के करीब नौ बजे पुनः कलिंदर भुईयां के घर पर हमला कर खिडकी को छोड़कर दो प्लास्टिक बाल्टी में रखा चावल को तितर-बितर करते हुए खा गया। जानकारी मिलते ही वनपाल अमर आनन्द सरस्वती के अगुवाई में वन विभाग की टीम ने लगभग रात बारह बजे के हाथियों को खदेड़ कर घने जंगल की ओर भगाया। वहीं बुढ़ीडीह गांव में एक व्यक्ति का कोरकेट सीट का बना दुकान को भी तोड़कर दुकान में रखा कुछ समान को खाते हुए तितर बितर कर दिया।वन विभाग की टीम हमेशा क्षेत्र में गस्त तेज कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं लोगों को सतर्क रहने का अपिल कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 26.07.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 05 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा



केन्द्र सरकार ने सीजेपी की मांगे मानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है और इसी बीच प्रधान ने अपना पद छोड़ने का निर्णय लिया।

प्रधान ने अपने इस्तीफे में लिखा कि वह सदैव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शक्ति और नेतृत्व में अटूट विश्वास रखते हैं। युवाओं की आकांक्षाओं, सपनों और अपेक्षाओं का गरिमा सम्मान करना उनका संकल्प है। भारत की युवाशक्ति केवल देश का भविष्य ही नहीं है बल्कि एक नए और विकसित भारत के निर्माता और शिल्पकार भी हैं।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिनों की घटनाओं ने उन्हें दुखी किया है। यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है बल्कि देश की युवाशक्ति ही इस राष्ट्र की असली ताकत है और उसे किसी भी प्रकार के कुचक्र में नहीं फंसने दिया जाएगा। अंतर-मनन कर उन्होंने यह संकल्प लिया है कि देश की स्थिति को किसी ताकत से कमजोर, तोड़ा या झुकाया नहीं जाएगा।

प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की युवाशक्ति और जनता के विश्वास को और मजबूत करने के लिए वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधान ने कहा कि भारत माता, अखंड भारत और देश की युवाशक्ति को सशक्त करने के लिए हर स्तर पर हम सब स्वयं को समर्पित रखेंगे। उल्लेखनीय है कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में 20 जुलाई को छात्रों ने संसद मार्च निकाला था।

## छात्रों ने की आंदोलन खत्म करने की घोषणा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शिक्षा सुधारों के लिए जंतर-मंतर और देशभर में आंदोलन कर रही 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) की सभी मांगे शनिवार को स्वीकार कर ली। इसके साथ ही सीजेपी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। साथ ही सरकार ने कहा है कि शिक्षा सुधारों को लेकर सीजेपी टीम के साथ आने वाले हफ्तों में मिलकर काम करेगी। कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका ने आज केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और डॉ जितेंद्र सिंह के साथ दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में बातचीत की। बातचीत के बाद चारों ने मिलकर एक साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

## अभी भी दो मांगें बाकी : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** राहुल गांधी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शिक्षा व्यवस्था को दोबारा पटरी पर लाने की दिशा में बड़ा कदम है लेकिन संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और छात्रों पर हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए वीडियो में कहा कि धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा व्यवस्था के पतन का प्रतीक बन गए थे और उनका इस्तीफा एक महत्वपूर्ण तथा प्रतीकात्मक कदम है। उन्होंने देशभर के छात्रों और युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने लोकतंत्र, संविधान और अपने भविष्य की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया, जिस पर उन्हें गर्व है।

## सोनम वांगचुक और विपक्षी दलों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को बताया लोकतंत्र की जीत



**नयी दिल्ली :** पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक और कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र की जीत बताया है। जंतर-मंतर पर चले छात्र आंदोलन में 26 दिन तक अनशरत रहे सोनम वांगचुक ने एक्स पोस्ट में कहा, यह लोकतंत्र की जीत है सीधा लोकतंत्र जो सड़कों से निकला है। यह शांति, धैर्य और दृढ़ता की जीत है। उन्होंने सीजेपी और देश की 'जेन जी' के प्रति आभार प्रकट किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत के 'छात्रों की आवाज' आखिरकार सत्ता के दरवाजे तक पहुंच ही गई है। यह हमारे उन लाखों युवाओं की जीत है जिन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए देशभर की सड़कों पर अपनी आवाज उठाई। यह सत्य और उन सभी परिवारों की जीत है जिन्होंने अपने बच्चों को खो दिया। यह एकजुट विपक्ष की जीत है, जिसने छात्रों के हित में संसद से लेकर सड़कों तक अपनी आवाज उठाई। आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों का संघर्ष रंग लाया। आखिरकार, धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। यह पूरे लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार नीट के सिस्टम को ठीक करेगी, ताकि अगले साल अब से पेपर लीक होना बंद हो जाए।

मंत्री की अध्यक्षता में हुई आगामी राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक

# सभी टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के आवासन की सुविधा पहले की अपेक्षा होगी बेहतर : सुदिव्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर/रांची :** शनिवार को नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2026 की तैयारियों से की समीक्षा बैठक देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त देवघर सौरभ कुमार भुवानिया एवं उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया।



बैठक के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि 30 जुलाई से 28 अगस्त तक राजकीय श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की तमाम सुविधाएं 28 तारीख तक हर हाल में दुरूस्त कर ली जाएं का विशेष रूप से ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें । साथ ही उन्होंने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) भीआईपी, भीभीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अगले 29 तारीख को पुनः देवघर एवं दुमका में उपलब्ध यात्री सुविधाओं की समीक्षा की जायेगी। ज्ञातव्य है विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला झारखण्ड राज्य का सबसे बड़ा मेला है, ऐसे में मेले में आकर श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर वापस लौटें ,यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है। आगे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा के क्रम में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण विभाग, नगर निगम, जनसम्पर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमंडल एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अन्तर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओपी, ट्रैफिक ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, सूचना सह सहायता केन्द्र, विद्युत केन्द्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व विश्राम गृह, के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई व कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरूस्त रखने का निदेश दिया।

## एक नजर

### प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर स्वीकार कर लिया है। छात्र आंदोलन और परीक्षा संबंधी विवादों के बीच धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार दोपहर अपने पद से इस्तीफा दिया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कैबिनेट मंत्री प्रल्हाद जोशी को उनके मौजूदा मंत्रालयों के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति तक लागू रहेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे में कहा कि उन्होंने छात्रों के हित, देश की एकता और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया है, ताकि किसी भी प्रकार की जटिलता से छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो।

### मध्य प्रदेश में डैम में गिरी कार, पांच की मौत

**राजगढ़ :** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शनिवार को दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डैम में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। खुजनेर थाना पुलिस के अनुसार, शाजापुर जिले के पड़ोसी गांवों अरंडिया खुर्द और अरंडिया के रहने वाले पांच दोस्त शनिवार सुबह करीब आठ बजे स्विफ्ट कार से राजस्थान स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकले थे। रास्ते में भीलखेड़ी जोड़ के पास दोपहर उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित डैम में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पानी में पूरी तरह डूब चुकी कार को बाहर निकाला गया, जिसमें से पांचों दोस्तों के शव बरामद हुए।

# बीजेपी और आरएसएस ने एजुकेशन सिस्टम को खोखला किया : राहुल गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षामंत्री के पद से इस्तीफे के बाद अब लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई सवालों जवाब दिए। साथ ही बीजेपी और आरएसएस पर एजुकेशन सिस्टम खोखला करने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर अमित शाह को भी आड़े हाथों लिया। साथ ही पीएम मोदी से छात्रों से माफी मांगने की अपील की है। राहुल गांधी ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस 10 जनपथ नई दिल्ली पर संबोधित की।



राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सबसे पहले यह हमारे जो स्टूडेंट हैं, उनकी जीत है। जो हिन्दुस्तान का फ्यूचर हैं। एजुकेशन सिस्टम जो हमारी शान हुआ करती थी। पूरी दुनिया में माना जाता था कि हमारे देश का एजुकेशन सिस्टम, बहुत बढ़िया है। उसपर सालों से आक्रमण हो रहा है। उसको कैप्चर किया जा रहा है। उसका निजीकरण किया जा रहा है। बेरोजगारी पर रिएक्शन था। हिंदुस्तान की जो हालत है, उस पर रिएक्शन था। प्रधान एक सिंबल है। करप्शन का सिंबल। एजुकेशन सिस्टम को बदहाल करने का सिंबल। अयोग्यता का सिंबल। उसको तो जाना ही थी। और अच्छा है कि वो गया। पर अब Concreate स्टेप एजुकेशन सिस्टम को बदलने के लिए लेने पड़ेंगे।

# बिहार बंद : छपरा और सीतामढ़ी में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियां फूंकीं, पटना समेत कई जिलों में भारी बवाल

एजेंसी

**पटना :** बिहार बंद के दौरान राज्य के कई जिलों में शनिवार को तनाव और बवाल की स्थिति रही। छपरा में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ी को फूंक दिया। सीतामढ़ी में भी कई गाड़ियों राजधानी पटना में शनिवार को बिहार बंद के चलते सुबह से गहमागहमी का माहौल रहा। गांधी मैदान पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुट गए। कई प्रदर्शनकारी डाक बंगला चौराहा पर भी जमा हुए, तो पुलिस ने उन्हें लाठीचार्ज कर वहां से खदेड़ दिया। दोपहर में गांधी मैदान बिस्कोमान के पास लाठीचार्ज की कोशिश से आंदोलनकारी भड़क गए। आक्रोशित युवाओं ने ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की।



शहर में बिहार बंद के दौरान कलेक्ट्रेट गेट के पास आंदोलन अचानक उग्र हो गया। आंदोलनकारी स्टूडेंट्स ने कलेक्ट्रेट स्थित मर्यापथ के मुख्य द्वार पर जमकर पत्थरबाजी की और गेट को तोड़ दिया। गेट टूटने के बाद बड़ी संख्या में छात्र परिसर की ओर बढ़े और सरकारी संपत्ति को निशाना बनाकर पथराव करने लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर पर भी पत्थर फेंके गए।में तोड़फोड़ के बाद आग के हवाले कर दिया गया। पटना, सीवान, पूर्णिया, सहरसा समेत अन्य जगहों पर उग्र प्रदर्शनकारियों ने ईंट-पत्थर चलाए। पुलिस ने उन्हें काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया और कहीं-कहीं पर आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। सीतामढ़ी में पथराव से एसपी को चोट लग गई। छपरा में बीडीओ का सिर फूट गया तो आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## रिश्वत के आरोप में रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के डिप्टी चीफ सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर को हावड़ा रेलवे स्टेशन पर 4 लाख रुपये की घूस लेते रंगेहाथों दबोच लिया। इस मामले में कोलकाता की निजी कंपनी एमआरटी सिग्नल्स लिमिटेड के दो प्रतिनिधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि रेलवे अधिकारी अनुबंध से जुड़े मामलों में अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले रिश्वत ले रहा था। सीबीआई के अनुसार, शुक्रवार को दर्ज मामले में आरोप है कि डिप्टी चीफ सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यम कुमार ने एमआरटी सिग्नल्स लिमिटेड, कोलकाता के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर साजिश रची और चक्रधरपुर मंडल में कंपनी द्वारा किए जा रहे सिग्नल एवं दूरसंचार कार्यों से संबंधित प्राइस वैरिएशन क्लॉज (पीवीसी) और कॉन्ट्रैक्ट वैरिएशन फाइल को मंजूरी देने सहित अन्य आधिकारिक कार्यों में अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले रिश्वत की मांग की।

# सारनाथ यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर खुशी जताते हुए इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक्स पर कहा कि सारनाथ का भगवान बुद्ध से गहरा संबंध है और उनके ज्ञान, करुणा तथा सद्भाव का कालजयी संदेश आज भी पूरी दुनिया को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यूनेस्को की यह मान्यता भारत की समृद्ध सभ्यतागत और आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक सम्मान है।




प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि से दुनिया भर के अधिक लोग सारनाथ आएंगे और भगवान बुद्ध के आदर्शों तथा उनके संदेश से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

# एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन को झटका

## अमेरिकी अदालत ने खारिज की अपील




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने ट्रंप प्रशासन की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। निचली अदालत ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क रद्द करने का आदेश दिया था।

बोस्टन स्थित प्रथम सर्किट अपीलीय अदालत की तीन जजों की पीठ ने अमेरिकी जिला जज लियो टी. सोरोकिन के 8 जून के फैसले पर रोक लगाने की ट्रंप प्रशासन की मांग खारिज कर दी। निचली अदालत ने इस शुल्क को कांग्रेस (संसद) की मंजूरी के बिना लगाया गया गैरकानूनी कर बताया था। पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा, हम इस अदालत में अपील लंबित रहने तक जिला अदालत के 8 जून के आदेश और उससे जुड़े फैसले पर रोक लगाने की प्रतिवादियों की मांग खारिज करते हैं। जजों ने 20 डेमोक्रेट शासित राज्यों की इस दलील से सहमति जताई कि यहां सवाल यह नहीं है कि कांग्रेस ऐसा अधिकार दे सकती है या नहीं। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस ने वास्तव में ऐसा अधिकार दिया भी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल सितंबर में एक घोषणा में नए एच-1बी वीजा के लिए 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने का फैसला किया था। एच-1बी वीजा के तहत अमेरिकी कंपनियां ऐसे विदेशी कर्मचारियों को नौकरी दे सकती हैं, जिनके पास विशेष क्षेत्रों में काम करने के लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता होती है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। अपीलीय अदालत ने 1989 में आए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को यह स्पष्ट दिखाना होगा कि कांग्रेस ने शुल्क या कर लगाने का अधिकार साफ तौर पर दिया है।

# ईरान पर टूट पड़े बहरीन और कुवैत, पहली बार किया सीधा हमला

एजेंसी

**तेहरान :** ईरान और अमेरिका में युद्ध के बीच पहली बार ऐसा हुआ है जब खाड़ी के कई देशों ने सीधा सैन्य हमला शुरू कर दिया है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक बहरीन और कुवैत ईरान पर सीधे हमले कर रहे हैं। इन दोनों देशों ने सऊदी अरब की मदद से ईरान के मिसाइल स्टोरेज और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। सऊदी अरब उन्हें इंटेलिजेंस और डिफेंसिव एयर कवर देकर मदद कर रहा है। बता दें कि ईरान लंबे समय से उन देशों को निशाना बना रहा है जिनमें अमेरिका के बेस हैं।



खाड़ी देश देने लगे ईरान को जवाब इससे पहले खाड़ी के देश केवल आत्मरक्षा का प्रयास करते थे और ईरान की तरफ से छोड़ी गई मिसाइलों और ड्रोन को निष्ट कर देते थे। खाड़ी के देशों ने युद्ध बढ़ने की आशंका से कभी सीधे युद्ध में भाग नहीं लिया। हालांकि ईरान के लगातार हमलों को देखते हुए अब खाड़ी देशों ने भी युद्ध के लिए कमर कस ली है। फिलहाल दो देशों ने ही ईरान के खिलाफ अभियान शुरू किया है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ओमान और कतर जैसे देशों ने अभी हमले नहीं शुरू किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के खिलाफ यूएई के अभियान में सऊदी अरब भी शामिल था। वहीं बहरीन और कुवैत ने तो अपना मोर्चा ही खोल दिया है। दोनों की खाड़ी देशों पर हाल के दिनों में ईरान की तरफ से ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। ईरान खाड़ी देशों में अमेरिकी बेस और उनके सैन्य उपकरणों को निशाना बनाने की कोशिश करता है। वह बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में ज्यादा हमले करता है। इसके अलावा यूएई के कई शहरों में ईरान ने तबाही मचाने की कोशिश की। इन खाड़ी देशों में अकसर सायरन बजाए जाते हैं।

बता दें कि एक दिन पहले ही ईरान ने उत्तरी ईराक के एक शहर को भी निशाना बनाया है। ये घटनाएं अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के खिलाफ लगातार 13वीं रात हमले करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद हुई। गौरतलब है कि होर्मुज पर नियंत्रण को लेकर ईरान और आमेरिका में तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वहीं दुनियाभर में ऊर्जा संकट गहरा रहा है। यह जलडमरूमध्य दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक अहम मार्ग है और ताजा लड़ाई का केंद्र भी यही है। ईरानी हमलों से यह जलमार्ग बंद हो सकता है, जिससे दुनिया भर में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं और भारी आर्थिक उथल-पुथल मच सकती है।

## कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर हमला

ईरान का कहना है कि कुवैत में उसने अमेरिकी ठिकानों, जैसे कि कैंप उडैरी, कैंप दोहा और कैंप आरिफजान पर हमला किया है। इसके अलावा अली अल सलेम एयरबेस को भी निशाना बनाया गया है। बहरीन के गृह वि भाग का कहना है कि शनिवार को भी देश में सायरन बजाए गए और लोगों से सुरक्षित जगहों पर ही रुकने को कहा गया है। बता दें कि एक दिन पहले ही ईरान ने उत्तरी ईराक के एक शहर को भी निशाना बनाया है। ये घटनाएं अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के खिलाफ लगातार 13वीं रात हमले करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद हुई।

## एक नजर

### 43 वारंटी और फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोडरमा पुलिस ने शुक्रवार–शनिवार की रात जिलेभर में ऑपरेशन ऑल आउट-3 चलाकर बड़ी कार्रवाई की। वारंटियों एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए इस विशेष अभियान में कुल 43 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियान की निगरानी स्वयं पुलिस अधीक्षक ने की। पुलिस के अनुसार, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में कई ऐसे वारंटी शामिल हैं, जो वर्षों से फरार चल रहे थे। इनमें 20 वर्षों से फरार बंधु मेहता (नावाडीह, डोमचांच) तथा 14 वर्षों से फरार सुरेश सिंह और अशोक सिंह (जोड़ासीमर, डोमचांच) भी शामिल हैं।

### आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन

**कोडरमा :** विद्यालय में सामुदायिक सक्रियता एवं विकेंद्रीकृत शासन को मजबूती प्रदान करने तथा समुदायों में शिक्षा को गुणवत्ता सुधार और निर्णय निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन वार्ड पार्षद सीमा कुमारी की अध्यक्षता,शिक्षक रणजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी के समन्वयन /संचालन में सम्पन्न हुआ।ग्राम बैठक में भारी संख्या में बच्चों के माता पिता उपस्थित हुए जिनके बीच सर्वसम्मति से पोषक क्षेत्र के सभी टोलों से सदस्य चुने गए एवं उन सभी चयनित 15सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रीती कुमारी वर्मा को अध्यक्ष तथा बालेदु कुमार को उपाध्यक्ष चुन लिया। सदस्य सचिव सह प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी ने सभी नव चयनित दायित्वधारियों एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के कार्यों एवं दायित्वों का बोध कराया।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों ने सदर अस्पताल में दिया धरना

**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर वेतन देने और 6 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के खिलाफ 23 जुलाई से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन सदर अस्पताल परिसर में धरना दे रहे कर्मियों को समर्थन करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष असीम सरकार ने कहा कि श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम वेतन पाने का कानूनी हक है। यह आंदोलन जायज मांगों को लेकर किया जा रहा है। कमांडो कंपनी और सिविल सर्जन की नींद नहीं खुलेगा तो आंदोलन उग्र होगा। जिसमें किसान कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। धरना को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य महामंत्री शैलेन्द्र तिवारी, कर्मचारी नेता दिनेश रविदास, सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने भी संबोधित किया।

# छात्रों के संघर्ष की जीत बताकर कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कोडरमा में मिठाई बांटी, परीक्षा प्रणाली में सुधार की उठाई मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी, कोडरमा की ओर से शहर में विजय जुलूस निकाला गया। जवाहर टॉकीज (कला मंदिर) से शुरू हुआ जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए झंडा चौक पहुंचा, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर छात्रों के संघर्ष को लोकतंत्र की जीत बताया। इसके बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने की। सभा को संबोधित करते हुए प्रकाश रजक ने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं के लंबे संघर्ष, आमरण अनशन और विपक्ष द्वारा लगातार उठाई गई आवाज के बाद शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हुआ है। उन्होंने इसे छात्रों के लोकतांत्रिक संघर्ष की पहली बड़ी जीत बताते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। विशेष रूप से एनटीए परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने निष्पक्ष और समयबद्ध जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा भविष्य में पारदर्शी एवं सुरक्षित परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। प्रदेश सचिव मनोज सहाय उर्फ पिंकू ने कहा कि छात्रों की मेहनत के साथ अन्याय स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। सभा के अंत में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से संसद में परीक्षा अनियमितताओं के मुद्दे पर चर्चा कराने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज सभी एफआईआर वापस लेने, नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच कराने और भविष्य के लिए जवाबदेह परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। इस मौके पर फैयाज केसर, बेबी सिन्हा सिंह, सुभाष सिंह यादव, दशरथ पासवान, प्रभात कुमार राम, पवन कुमार सिंह, अनिल दास, संतोष कुशवाहा, सरवन कुमार सिंह, गणेश स्वर्णकार, संजय शर्मा, चांद आलम, धीरज कुमार, संजय सेठ, कुमार रवि, कयूम उद्दीन, प्रमोद बरनवाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोडरमा के 8 निजी विद्यालयों के संचालक व प्राचार्य राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जमशेदपुर के होटल रामाडा में आयोजित द टाइम्स ऑफ इंडिया प्रिंसिपल कॉन्क्लेव-2026 में कोडरमा जिले के आठ निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, समाज सेवा, आनंददायक शिक्षण और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टाइम्स ऑफ इंडिया के प्रभारी अजय कुमार, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, एशियन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के जनरल मैनेजर जवजीत सिन्हा रॉय, जेआईएस यूनिवर्सिटी के रोहित सन्याल तथा भवानीपुर ग्लोबल कैंपस की एएसएसओ वाइस प्रेसिडेंट जवानता बागची ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मानित होने वालों में चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के निदेशक तौफीक हुसैन, सीनियर मॉडर्न पब्लिक स्कूल सतगावां के प्राचार्य भुवनेश्वर कुमार, झारखंड सेंट्रल पब्लिक स्कूल के निदेशक अभय कुमार, कैंब्रिज अकादमी चंदवारा के निदेशक रंजीत कुमार पाण्डेय, प्रेरणा पब्लिक स्कूल के निदेशक दिलीप यादव, पाथ फाइंडर एकेडमी के निदेशक दीपक कुमार, किड्स प्रोग्रेसिव स्कूल के प्राचार्य आरिफ अंसारी तथा विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल डोमचांच के प्राचार्य जयप्रकाश मेहता शामिल हैं। कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, कौशल आधारित शिक्षा, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य के स्मार्ट स्कूल जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, रचनात्मकता और कौशल विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। विशेषज्ञों ने विद्यालयों में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण, समूह चर्चा, रोल प्ले, कहानी आधारित शिक्षा, एआई एवं डिजिटल टूल्स से इंटरएक्टिव कक्षाएं, कला, संगीत, खेल और प्रयोगशाला आधारित गतिविधियों के साथ फील्ड विजिट व कौशल विकास कार्यशालाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। सम्मानित शिक्षाविदों ने कहा कि कॉन्क्लेव से मिले अनुभवों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपने-अपने विद्यालयों में लागू कर विद्यार्थियों को तकनीक-सक्षम, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज, डीडीसी ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को उप विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित और हर्षोल्लासपूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन, मंच व पंडाल निर्माण, ध्वजारोहण, परेड, राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्युत एवं ध्वनि व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन सेवा, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त रवि जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, विशिष्ट अतिथियों के स्वागत, स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों के सम्मान, देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र वितरण की तैयारियां भी समय पर सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता संजय पीएम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामरतन वर्णवाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा जा, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश बैठा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हांथो में तिरंगा लेकर छात्रों ने मांगा मोदी सरकार से देश मे तबाही का हिसाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरीतिलैया :** दिल्ली के जंतर मंतर में 20 जुलाई को बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में झुमरीतिलैया में आम नागरिक के बैनर तले सुभाष चौक से झंडा चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान जमकर केंद्र सरकार के छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की गई प्रतिवाद मार्च में छात्र-छात्राएं,अभिभावक एवं आम नागरिक तख्तियां लेकर एवं हांथो में तिरंगा झंडा लेकर एकजुटता प्रदर्शित किया। साथ ही दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज का विरोध जताया। आम नागरिकों ने छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की और दोषी पुलिसवालों पर कारवाई की मांग की। पूर्व छात्र नेता रवि पासवान ने कहा कि मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा देना छात्रों के संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि देश के छात्रों ने 1974 के बाद किसी आंदोलन के जरिये इतिहास लिख दिया है,जिसकी चर्चा सालों तक होगी।उन्होंने कहा छात्र विरोधी कदम और सरकार के तानाशाही के खिलाफ आंदोलन और संघर्ष जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि ऋतु के संघर्ष के सामने 2014 के बाद पहली बार मोदी सरकार को झुकना पड़ा है। उन्होंने शांतिपूर्ण प्रतिवाद मार्च में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं समेत आम नागरिकों के प्रति आभार जताया। झंडाचौक पर प्रतिवाद मार्च के दौरान आम नागरिकों ने एनटीए परीक्षा रद्द होने के बाद देशभर के करीब 25 छात्रों के मौत पर श्रद्धांजलि दी। प्रतिवाद मार्च में शामिल आम नागरिकों ने मार्च में शामिल छात्रों व आम नागरिकों के बीच लड्डू बांटकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने पर खुशी का इजहार किया। प्रतिवाद मार्च में राजद के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव,जिप चेयरमैन रामधन यादव,राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव,जिप सदस्य शांति प्रिया, सीपीएम नेता असीम सरकार,जेएमएम नेता श्यामदेव यादव,आप जिलाध्यक्ष महेश यादव,अभिभावक संघ अध्यक्ष संजय साजन,गुलाम मुस्तफा,जनवादी लेखक संघ के राम रतन अवध्या,सीटू नेता प्रेम प्रकाश, माले नेता विजय पासवान,भीम आर्मी के राजेश कुमार,संदीप कुमार, राजेन्द्र मेहता,दामोदर यादव,राजकुमार पासवान,चरनजीत सिंह, विनोद विश्वकर्मा, धीरज यादव, सोनिया देवी, राजकुमार पासवान,विजय यादव, मो मुबारक, परवेज खान,दीपक यादव,शंकर दयाल यादव, शमशुल अंसारी,इकबाल अंसारी, शिव शंकर मोदी, मो यूनुस समेत प्रगतिशील विचार व छात्र छात्राओं समेत आम नागरिक मौजूद थे।

## लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं बढ़ रही है इसकी लोकप्रियता : प्रधान जिला जज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है । उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है । कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है । लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती । लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है । लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है । उन्होंने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस मामलो से सम्बंधित मासिक लोक अदालत में कुल दस बेंचों का गठन किया गया । बेंच संख्या एक में प्रथम जिला जज सचिन्द्र नाथ सिन्हा व अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या दो में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा व अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या तीन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या चार में अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञा बाजपाई व अधिवक्ता सुमन जायसवाल बेंच संख्या पांच में अवर न्यायाधीश तृतीय सत्यभामा कुमारी व अधिवक्ता अंजली कार्तिक राणा, बेंच संख्या छः में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी संध्या प्रसाद व अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या सात में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय व अधिवक्ता अंशु यामिनी, बेंच संख्या आठ में नमिता मिंज व अधिवक्ता संगीता रानी, बेंच संख्या नौ में मुंसिफ मिथिलेश कुमार व अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह एवं बेंच दस में स्थाई लोक अदालत की प्रभारी चेयरमैन राजेश कुमार वैश, सदस्य ममता सिंह, कुमारी अनुपमा ने मामले की सुनवाई की । मासिक लोक अदालत में दस बेंचो के माध्यम से कुल 40 वादो का निष्पादन किया गया एवं विभिन विभागों से 1388250/ (तेरह लाख अठासी हजार दो सौ पच्चास रुपए मात्र) की वसूली की गई। मौके पर प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्रीमती प्रज्ञा बाजपाई, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, पीएलवी/कर्मी रणजीत कुमार सिंह, मुंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, कुमार संजय, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, सुनील कुमार, रवि कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र आंदोलन की जीत का जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने किया स्वागत

**कोडरमा :** जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने छात्र आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार द्वारा मांगें स्वीकार किए जाने को लोकतंत्र की जीत बताया है। समिति के अध्यक्ष धरतीपुत्र महेश भारती और सचिव देवेंद्र कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि छात्र-युवा यदि एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करें तो सरकारों को जनता की आवाज सुननी पड़ती है। समिति ने झारखंड सरकार से राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर सीजीएल और जेएसएससी से जुड़े कथित पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। समिति ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि युवाओं का विश्वास प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था में बना रहे। समिति नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकारों को छात्रों के मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने कोडरमा जिले के जे जे कॉलेज सहित सभी डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह से संबद्ध किए जाने के निर्णय पर भी चिंता जताई है। समिति का कहना है कि इस फैसले से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को अनावश्यक दूरी, आर्थिक बोझ और शैक्षणिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस निर्णय की समीक्षा करने की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों और आम जनता की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो कोडरमा में व्यापक जनभागीदारी के साथ लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन को तेज किया जाएगा। साथ ही छात्रों, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से शिक्षा बचाओ आंदोलन में सहयोग की अपील की गई है।

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र युवा आंदोलन की जीत : माकपा

**कोडरमा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने देश के छात्रों और युवाओं को प्रश्नपत्र लीक के मामले में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए चलाए गए उनके संघर्ष पर हार्दिक बधाई देता है। मालूम हो कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के कारण 22 छात्रों ने आत्महत्याएँ कर ली थीं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा का स्वागत करते हुए सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को भी भंग करने की मांग करते हुए कहा कि बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के लिए एनटीए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। सीपीआई(एम) परीक्षाओं के विकेंद्रीकरण की अपनी मांग को पुनः दोहराती है। यह विजय देश के छात्रों और युवाओं द्वारा प्रदर्शित अडिग संकल्प और त्याग के बिना संभव नहीं थी। उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों का भी समर्थन प्राप्त हुआ, जिन्होंने केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज और अन्य दमनकारी उपायों के बावजूद संघर्ष से पीछे हटने से इनकार कर दिया। युवाओं द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ता भारतीय लोकतंत्र के लिए एक शुभ संकेत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020, जिसकी मूल विशेषताएँ शिक्षा का व्यावसायीकरण, केंद्रीकरण और सांप्रदायीकरण हैं, उसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। जब तक ये कदम नहीं उठाए जाते, तब तक प्रश्नपत्र लीक और छात्रों को अवसरों से वंचित किए जाने की यह कहानी जारी रहेगी। हमें आशा है कि छात्र और युवा आंदोलन इन मांगों को लेकर अभियान चलाएंगे और संघर्ष करेंगे, क्योंकि इनका सीधा संबंध उनके भविष्य से है।

### जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी कई मकान एवं धान के बिछडो को पैरो तले नष्ट कर दिया

**मरकच्चो :** प्रखण्ड के जंगल से सटे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार की रात्रि हाथीयों का झुंड कानीकेंद जंगल के सटे कोलवावार निवासी श्रीलाल टुडू का मिट्टी के मकान को तोड़ कर घर मे रखे महुवा, चावल को नष्ट करते हुए खेशमी की ओर चला गया एवं कई किसानों के धान के बिछडे को रौदकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के घरों के दरवाजे व खिड़कियां भी तोड़ डाली। घटना के बाद दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार हाथियों का झुंड देर रात पपलो पंचायत के पपलो,अम्बाडीह, खण्डहराडीह गांव में घुस आया और खेतों में लगे धान के बिछड़ो को रौंदते हुए किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। किसान प्रयाग यादव, हीरालाल पासवान, चिंता देवी, बालेश्वर यादव, वासुदेव यादव, करुणा यादव, पंकज यादव, रीतलाल यादव, गोविंद यादव, पिंटू यादव, प्रदीप यादव, सीताराम यादव, राजेश यादव समेत कई किसानों के खेतों में धान रोपनी करने के लिए लगाए गए धान का तैयार बिछड़ा को हाथियों का झुंड ने पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। वही भोजन की तलाश में हाथियों का झुंड ने वासुदेव यादव, पूनम देवी, कुंती देवी और विमला देवी के घरों का दरवाजा खड़की तोड़कर काफी नुकसान पहुंचाया।पपलो पंचायत के मुखिया पति दशरथ यादव उर्फ संजू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके पूर्व में भी प्रति वर्ष हाथियों का झुंड पपलो पंचायत में कई बार नुकसान पहुंचाया है,जिसे लेकर कई बार मुआवजे की मांग को लेकर वन विभाग को आवेदन दिया गया, लेकिन अभी तक इस पर कोई मुआवजा नहीं दीया गया और इस वर्ष भी खेती के समय हाथियों का झुंड पहुंच कर लाखों का नुकसान पहुंचाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों के झुंड को जंगल की ओर खदेड़ा। वनकर्मी लगातार पेट्रोलियम कर रहे हैं, तथा जंगल से सटे ग्रामीण को सतर्क रहने तथा रात के समय खेतों व जंगलों की ओर नहीं जाने तथा हाथियों के दिखने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने और हाथियों के झुंड को आबादी वाले क्षेत्र से जंगलों की ओर खदेड़ने की मांग की है। लगातार हो रही घटनाओं से जंगल किनारे बसे गांव के लोगो में भय का वातावरण बना हुआ है।

### झुमरीतिलैया में मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज का रविवार को होगा भव्य मंगल प्रवेश

**झुमरीतिलैया :** धर्म नगरी झुमरीतिलैया में रविवार, 26 जुलाई को जैन समाज के लिए ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व का अवसर आने वाला है। चर्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक एवं अध्यात्म योगी शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज एवं मुनि श्री कौशल्य सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश होगा। गुरुदेव वर्षा ऋतु के चार माह झुमरीतिलैया में ही चातुर्मास करेंगे, जिससे जैन समाज में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। जानकारी के अनुसार मुनि श्री राउरकेला (ओडिशा) से लगभग 800 किलोमीटर की पदयात्रा कर करीब 25 दिनों में झुमरीतिलैया पहुंच रहे हैं। शनिवार की संध्या जिमखाना क्लब में उनका आगमन होगा, जहां भव्य आरती एवं गुरु मुख से णमोकार चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा। रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह 5 बजे मंगल विहार प्रारंभ होगा और प्रातः लगभग 7 बजे धर्म नगरी झुमरीतिलैया में भव्य मंगल प्रवेश होगा। मंगल प्रवेश के अवसर पर हजारों की संख्या में जैन समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे सुभाष चौक पर गुरुदेव की अगवानी करेंगे। जैन ध्वज, डांडिया नृत्य, आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजा, झारखंडी ताशा पार्टी तथा भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी।

# एम्बुलेंस के इंतजार में अब नहीं जाएगी जानें, 15 मिनट में मिलेगी आपातकालीन मदद : इरफान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी आपात स्थिति में 15 मिनट के भीतर एंबुलेंस मरीज तक पहुंचे, ताकि 'गोल्डन ऑवर' में इलाज शुरू हो सके और अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस के इंतजार में अब किसी की जान नहीं जाएगी और गांव-गांव तक एंबुलेंस सेवा पहुंचाई जाएगी।

शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 108 एंबुलेंस सेवा को आधुनिक, सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए 720 नई



हाईटेक एंबुलेंस खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन एंबुलेंस के शामिल होने से सड़क दुर्घटना, गर्भवती महिलाओं, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित 720 एंबुलेंस में 50 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस), 270 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और 400 पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) शामिल हैं। योजना के तहत पीटीवी एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात की जाएंगी, जबकि एएलएस एंबुलेंस सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध कराई जाएंगी।

डॉ. अंसारी ने कहा कि झारखंड के दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छोटे और आधुनिक एंबुलेंस नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेष 690 एंबुलेंस की निविदा प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी की जाए, ताकि इन्हें जल्द से जल्द सेवा में शामिल किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार भविष्य में राज्य की प्रत्येक पंचायत तक छोटी एंबुलेंस उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम कर रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि झारखंड का कोई भी नागरिक समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे और हर जरूरतमंद तक शीघ्र चिकित्सा सहायता पहुंच सके।

### 720 नई हाईटेक एंबुलेंस खरीदेगी सरकार

राज्य सरकार ने 108 एंबुलेंस सेवा को अधिक आधुनिक, सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने 720 नई हाईटेक एंबुलेंस खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नई एंबुलेंसों के शामिल होने से सड़क दुर्घटनाओं, गर्भवती महिलाओं, हार्ट अटैक, स्ट्रोक तथा अन्य गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। इससे राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित 720 एंबुलेंस में 50 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस), 270 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और 400 पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) शामिल हैं। योजना के तहत पीटीवी एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात की जाएंगी, जबकि एएलएस एंबुलेंस सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध कराई जाएंगी।

## एक नजर

### कांग्रेस नेता के बॉडीगार्ड पर हवाई फायरिंग का आरोप

**रांची :** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित रिनपास बॉर्डर लाइन इलाके में शुक्रवार रात कथित तौर पर शराब के नशे में हवाई फायरिंग का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता के बॉडीगार्ड के रूप में तैनात दो लोगों के बीच हुए विवाद के बाद एक ने हवाई फायरिंग कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त राइफल जब्त कर ली है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10 बजे कांग्रेस नेता की सुरक्षा में तैनात दो बॉडीगार्ड आपस में शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक बॉडीगार्ड दीपक ने अपनी राइफल से हवाई फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना के बाद दूसरे बॉडीगार्ड प्रकाश ने तत्काल कांके थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी दीपक को हिरासत में लेकर थाना ले आई। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई राइफल भी जब्त कर ली है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर पांडे ने शनिवार को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना में प्रयुक्त राइफल जब्त कर ली गई है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 25 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से मिल रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**रांची :** रांची नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को घर के नजदीक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में 25 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं,जहां प्रतिदिन लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं,चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक जांच की सुविधा दी जा रही है। रांची नगर निगम ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकट स्थित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर टीकाकरण से न केवल बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होगी, बल्कि स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### रांची नगर निगम ने चार महीने में जारी किए 7,991 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**रांची :** रांची नगर निगम ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाई है। अप्रैल 2026 से 24 जुलाई 2026 तक निगम ने कुल 7,991 प्रमाण पत्र जारी किए हैं। इनमें 6,416 जन्म प्रमाण पत्र और 1,575 मृत्यु प्रमाण पत्र शामिल हैं। नगर निगम के अनुसार, यह सेवा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 और राइट टू सर्विस (आरटीएस) अधिनियम के तहत तय समय-सीमा में दी जा रही है, ताकि लोगों को बिना परेशानी के प्रमाण पत्र मिल सकें। 24 जुलाई तक जन्म प्रमाण पत्र के 587 आवेदन लंबित हैं। इनमें 386 आवेदन जरूरी दस्तावेज या जानकारी अधूरी होने के कारण संबंधित अस्पतालों से स्पष्टीकरण के लिए भेजे गए हैं, जबकि 201 आवेदन एसडीओ/डीएसओ स्तर पर मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

## दीपिका प्रसाद हटाई गईं, अभिनंदन कुमार बने डोरंडा थाना के नए प्रभारी





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक अनुशासन को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है। विभागीय आदेश जारी करते हुए उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया है। दीपिका प्रसाद को हटाए जाने के तुरंत बाद एसएसपी राकेश रंजन ने डोरंडा थाने में नए थाना प्रभारी की नियुक्ति भी कर दी है। इंस्पेक्टर अभिनंदन कुमार को डोरंडा थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर उन्हें अविलंब पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में नए थाना प्रभारी को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और पुलिसिंग को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, दीपिका प्रसाद को हटाए जाने के कारणों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनमोहिनी दीदी का स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में शनिवार को यज्ञ की प्रथम समन्वयक मनमोहिनी दीदी का स्मृति दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व, आध्यात्मिक योगदान और मानव सेवा के कार्यों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र प्रशासिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि हैदराबाद में जन्मी मनमोहिनी दीदी ने ब्रह्मा बाबा के सान्निध्य में ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त किया और पूर्ण पवित्रता का व्रत धारण कर अपना संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा तथा आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि मनमोहिनी दीदी ज्ञान, योग, त्याग, सेवा और वात्सल्य की साकार प्रतिमूर्ति थीं, जिनका जीवन आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. सुधीन्द्र ने मनमोहिनी दीदी को ज्ञानमूर्ति, गुणमूर्ति और योगमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके विचार और जीवनशैली वर्तमान पीढ़ी के लिए भी अनुकरणीय हैं। समाजसेवी प्रेमेन्द्र गोयल ने कहा कि मनमोहिनी दीदी ने संस्कार परिवर्तन और ज्ञान-योग के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया। उनकी प्रेरणादायी कार्यशैली ने अनगिनत लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने मनमोहिनी दीदी के जीवन, व्यक्तित्व और आध्यात्मिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कारगिल विजय दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और अमर बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से विविध प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। विद्यार्थियों ने ओजस्वी भाषणों, देशभक्ति से ओतप्रोत विचारों तथा प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम का स्मरण किया। इस अवसर पर कारगिल के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान तथा राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण को कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया। विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध एवं भारत के गौरवशाली सैन्य इतिहास से परिचित कराने के उद्देश्य से एक रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। साथ ही ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को साहस, कर्तव्यपरायणता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति तथा राष्ट्रीय गौरव जैसे जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई।

## रांची में एटीएस जवान के बंद घर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में झारखंड आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) के एक जवान के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

झारखंड एटीएस में पदस्थापित जवान कमलेश शुक्रवार शाम अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। इसी दौरान सुखदेव नगर स्थित उनके बंद आवास को चोरों ने निशाना बनाया। घर बंद होने का फायदा उठाते हुए चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवरात, नकदी तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। कमलेश के बड़े भाई सोमनाथ राय ने बताया कि परिवार के बाहर रहने के दौरान चोरी की वारदात हुई। उन्होंने कहा कि चोरी हुए सामान की वास्तविक कीमत का आकलन परिवार के अयोध्या से लौटने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और नकदी चोरी होने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही सुखदेव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। सुखदेव नगर थाना प्रभारी सुनील कुशवाहा ने बताया कि चोरी के मामले की जांच की जा रही है।

## भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौसीबाड़ी से पहुंचे अपने धाम, रथ यात्रा महोत्सव का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में शनिवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मौसीबाड़ी से शनिवार को अपने धाम पहुंचे। इसी के साथ ही रथ यात्रा महोत्सव का समापन बेहद श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में प्रवास के बाद तीनों विग्रहों को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुनः मंदिर के गर्भगृह में विराजमान कराया गया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी रमेश्वर पाढ़ी और शुद्धांशु नाथ सहदेव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा



संपन्न कराई। पूजा के बाद भगवान को रथ पर विराजमान कराया गया। जय जगन्नाथ के जयघोष के नारे लगाए गए। श्रद्धालुओं ने रथ को खींचते हुए भगवान को उनके धाम जगन्नाथपुर मंदिर तक पहुंचाया। इधर, घुरती रथ मेला को लेकर जगन्नाथपुर मंदिर और मौसीबाड़ी परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और राज्य में शांति एवं खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई थी। पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना, आरती और विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए। निर्धारित शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा को रथ से उतारकर मंदिर के गर्भगृह में पुनः विराजमान किया गया। जैसे ही भगवान अपने धाम पहुंचे, पूरा मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष, शंखध्वनि, घंटों और नगाड़ों की गूंज से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान का स्वागत किया और उनके दर्शन के लिए लंबी कतारों में घंटों तक इंतजार किया। मौसीबाड़ी से भगवान की घर वापसी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे। कई श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे, जबकि दूर-दराज के जिलों से भी बड़ी संख्या में भक्त जगन्नाथपुर पहुंचे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और धार्मिक वातावरण ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। मंदिर समिति के सदस्यों और सेवायतों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की थी। दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


## संक्षिप्त खबरें

### चाकू से हमला कर हत्या की कोशिश, पूर्व सीएमपीडीआई जीएम की बहादुरी से भागे तीनों बदमाश



**रांची :** राजधानी रांची के गोंदा थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा नगर में शुक्रवार देर रात तीन नकाबपोश अपराधियों ने एक 65 वर्षीय कारोबारी के घर में घुसकर जानलेवा हमला किया। अपराधियों ने कारोबारी को पंखे से लटकाकर मार डालने की धमकी दी और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हालांकि पूर्व सीएमपीडीआई महाप्रबंधक (जीएम) एवं कारोबारी आलोक कुमार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का डटकर मुकाबला किया, जिसके बाद तीनों अपराधी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे की है। आलोक कुमार अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान उन्हें घर के भीतर किसी के आने और सामान टूटने-फूटने की आवाज सुनाई दी। वह कुछ समझ पाते, उससे पहले तीन नकाबपोश अपराधी उनके कमरे में घुस आए। तीनों ने चेहरे पर मास्क और हाथों में दस्ताने पहन रखे थे, जिससे उनकी पहचान छिपी रहे। कमरे में घुसते ही अपराधियों ने आलोक कुमार को धमकाते हुए कहा, तुम्हें लोगों से बहुत पंगा लेने का शौक है, आज तुम्हें पंखे से टांग देंगे। इसके बाद दो बदमाशों ने उनका दाहिना हाथ और तीसरे ने बायां हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान एक अपराधी ने चाकू से उनकी कलाई पर वार कर दिया। हमले में उनकी कलाई जख्मी हो गई और काफी खून बहने लगा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद आलोक कुमार ने साहस नहीं खोया। उन्होंने पूरी ताकत से अपराधियों का विरोध किया और खुद को उनकी पकड़ से छुड़ा लिया। इसके बाद उन्होंने बिस्तर के नीचे रखा तलवार और वापड़ निकाल लिया। जैसे ही बदमाशों ने उन्हें हथियार के साथ अपनी ओर बढ़ते देखा, वे घबरा गए। तीनों अपराधी आनन-फानन में कमरे से बाहर निकले, सीढ़ियों के रास्ते छत पर पहुंचे और वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### झारखंड में मानसून मेहरबान, सिमडेगा में सर्वाधिक 120.8 मिमी बारिश, 29 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी



**रांची :** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में जुलाई महीने के दौरान अच्छी बारिश दर्ज की जा रही है। जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के बाद कुछ दिनों तक इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई थी, लेकिन अब मानसून के फिर सक्रिय होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों में लगातार वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने 27 और 28 जुलाई को भी राज्य के अधिकांश इलाकों में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही 29 जुलाई तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 120.8 मिलीमीटर वर्षा सिमडेगा जिले में दर्ज की गई। इसके अलावा कोलेबिरा में 59.4 मिमी, मसानजोर में 43.2 मिमी, घाटशिला में 32.6 मिमी, रांची में 26.3 मिमी, खूंटी जिले के रनिया में 22.8 मिमी और हजारीबाग में 21.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। राज्य के अन्य कई इलाकों में भी मध्यम से अच्छी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 29 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे देखते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से खुले स्थानों में नहीं जाने की अपील की गई है। शनिवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकलने से उमस बढ़ गई। बारिश नहीं होने के कारण लोगों को दिनभर गर्मी का एहसास हुआ। इस दौरान राजधानी में अधिकतम 95 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई।

### देवशयनी एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद मंगला आरती एवं बाबा श्री श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर "हारे के सहारे, श्याम प्यारे की जय" के जयघोष से गुंजायमान रहा। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में सच्चे मन से की गई प्रार्थना बाबा अवश्य स्वीकार करते हैं। दिनभर दर्शन, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। रात्रि में अखंड ज्योति प्रज्वलित कर बाबा को केसरिया पेड़ा, रबड़ी, फल एवं अन्य प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें मंडल के पदाधिकारियों एवं भजन गायकों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। देर रात्रि महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फलदार पौधों का वितरण

**रांची :** नगर निगम और अर्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बरियातू स्थित स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित रांची के संकल्प को मजबूत करने दिशा में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पौधों के संरक्षण करने और शहर को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अर्थ फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक बांका ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन आज मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधे का भी संरक्षण करे तो रांची को हरा-भरा और स्मार्ट शहर बनाने का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या सोनी जायसवाल ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कॉलेज के निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में रांची नगर निगम के नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, अर्थ फाउंडेशन के अमित कुमार, शुभम तिवारी, दीपक दुबे, सुधाकर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## जंतर -मंतर से शिक्षा

पिछले कुछ दिनों से राजनीति के हलकों में शिक्षा का विषय अनायास ही चर्चा में चुका है । सबकी जुबान वर्तमान शिक्षा-तंत्र को सुधारने की रट लगा रही है। लगता है शिक्षा की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर देश के कर्णधारों में सद्भावना जगी है। इसमें सभी शिक्षा-प्रेमियों को आशा की किरण दिख रही है। निश्चय ही एक अच्छी बात है कि शिक्षा की समस्या की तरफ राजनीतिक तंत्र का ध्यान आकृष्ट हुआ है। विपक्ष के नेता आज युवा छात्र समुदाय के हित की चिंता करने में भरसक जी जान से जुटे हुए हैं। संसद से सड़क तक आक्रामक रुख के साथ ज्यादातर विपक्षी दल अपनी राजनैतिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आज समर्पित दिख रहा है। आईएनडीआईए के बिखरते कुनबे के सदस्य आंदोलन के जरिए अपनी माँग पर खड़े दिख रहे हैं। उनकी माँग है कि वर्तमान शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें। तर्क है कि उनकी मुखियागिरी में हुई नीट की परीक्षा में पेपर लीक हुआ और लाखों युवा परीक्षार्थियों और उनके परिजनों को तरह-तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा इसलिए जिम्मेदारी लेते हुए उनको इस्तीफा देना चाहिए या सरकार को उनसे इस्तीफा ले लेना चाहिए। अभी-अभी जन्मी काक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) और सोनम वांगचुक, जो लद्दाख के समाजकर्मी हैं और अध्यापक की पृष्ठभूमि वाले हैं, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। वांगचुक ने 26 दिनों से चल रहे अनशन को तोड़ दिया है। साठ साल के हो रहे वांगचुक अपने अस्पताल से दिए गए वीडियो-संदेश में सबसे शांति और अहिंसा के साथ लड़ाई की बात करते हैं। विपक्षी राजनीति इस अवसर पर अपना विपक्षी धर्म निभाने में जुट गई है। वह संसद के मानसून सत्र को चलने नहीं देने के लिए आमादा है। साथ ही सड़क पर और प्रधानमंत्री आवास पर मार्च और धरना-प्रदर्शन में जुटा रहा है। देशव्यापी मार्च की योजना है। ये नेता शिक्षा में सुधार ले आने की बात भी कहते हैं पर मंत्री के इस्तीफे से ज्यादा सुधार की कोई बात अभी तक सामने नहीं आई है। इन नेताओं को शिक्षा से कभी खास लेना-देना नहीं रहा है, इसलिए वे राजनीतिक अवसर के रूप में ले रहे हैं। इसके बावजूद यदि वे शिक्षा का नाम ले रहे हैं तो यह शिक्षा प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण है। यह बेहद जरूरी है कि शिक्षा-व्यवस्था पर समग्रता में विचार किया जाय। जंतर-मंतर शिक्षा जैसे गहन और गंभीर विषय पर बहुत सहायक न होगा। इस पर गंभीर चर्चा की जरूरत है और गलतियों को सुधार कर नई राह ढूँढने की आवश्यकता है। पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं है। यह अपराध है जिसमें लिप्त लोगों को दंडित किया ही जाना चाहिए। अब तक उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछले दस-बारह सालों में कुल मिला कर लगभग डेढ़ सौ बार परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनायें जाहिरी तौर पर दर्ज हो चुकी हैं। सरकार ने इस बार के मामले में गिरफ़्तारी की है और इससे जुड़े लोगों को जेल भेजकर कार्रवाई की जा रही है। सरकार सख्ती से निपटने के लिए कानून भी बना रही है। फास्ट ट्रैक अदालत गठित कर मामलों पर त्वरित कार्रवाई की तैयारी हो रही है। यह अलग बात है कि ऐसे मामलों में कभी किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती है। गंगा पर पुल गिर जाता है और यह तय नहीं हो पाता कि कौन जिम्मेदार है। गंगा जी ही शायद निगल गईं। उन्हें ही कुछ संदेश देना हो। यानी पेपर लीक बहुत-सी परीक्षाओं में जगह-जगह पर होता आ रहा है और लोगों को इसकी आदत-सी पड़ गई है। लेकिन साल्वर गैंग सक्रिय है और बोर्ड परीक्षा में नकल जिस पैमाने पर होती है वह कानून व्यवस्था का प्रश्न बन जाता है और कभी-कभी धारा 144 लगाने की नौबत आ जाती है। यह भी गौर करने की बात है कि इस साल हुई नीट की पहली परीक्षा जिसमें लीक हुआ था बीस लाख से अधिक छात्र बैठे थे। पेपर लीक होने से इन्हें बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ी थी। सरकार ने चाक-चौबंद होकर दुबारा परीक्षा कराई जिसमें उन्नीस लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए और लीक जैसी दुर्घटना नहीं हुई । अब नीट की पुनर्परीक्षा का परिणाम आ चुका है जिसमें ग्यारह लाख से कुछ ज्यादे की संख्या में छात्र प्रवेश-योग्य पाये गए हैं। इनमें 58 प्रतिशत से अधिक छात्रायें हैं।

### सूडोकु नवताल- 7867

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7866 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को परास्त कर ही दम लिया था

विजय केसरी

कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने बहुत ही बहादुरी के साथ लड़कर विजय हासिल किया था। यह युद्ध भारतीय सैन्य शक्ति के तीनों अंगों ने बहुत ही सूझबूझ के साथ लड़ा था। भारतीय जवानों ने पाकिस्तान द्वारा थोपे गए इस युद्ध का जवाब बड़े ही बहादुर के साथ दिया था। पाकिस्तान छद्म रूप से कारगिल सीमा क्षेत्र में घुस कर कर कब्जा करना चाहते थे। भारत सरकार को इसकी सूचना मिलते कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय के माध्यम से सैन्य शक्ति के तीनों टुकड़ियों को पाकिस्तान को करारा जवाब देने का आदेश निर्गत कर दी थी । हमारे सैन्य शक्ति के तीनों अंगों ने बहुत ही बेहतर तालमेल और सूझबूझ के साथ पाकिस्तान को उसकी औकात बता दी थी। कारगिल युद्ध वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच लड़े गए युद्ध को कहा जाता है। देश की सैन्य शक्ति बहुत ही अदम्य साहस और कठिन पहाड़ियों पर पाकिस्तान को परास्त ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। देश की आजादी के बाद से ही पाकिस्तान भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ता रहा है । वह हर बार हारता ही रहा। कारगिल युद्ध में भी उसे मुंह ही खानी पड़ी थी । मई 1999 में पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने नियंत्रण रेखा पार करके कारगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया। उनका मुख्य मकसद श्रीनगर-लेह मार्ग को काटना और भारत का संपर्क लद्दाख से तोड़ना था। शुरूआत में चरवाहों द्वारा पहाड़ियों पर संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद भारतीय सेना को इस धोखे का पता चला। भारत ने घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए सेना का यह अभियान शुरू किया। भारतीय वायुसेना ने ऊंचाई वाले ठिकानों पर हमला करने के लिए इस साझी कार्रवाई में पूरा साथ दिया। कारगिल युद्ध विजय में भारतीय वायुसेना की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। हमारे सैनिकों ने लगभग सोलह अठारह हजार फीट की ऊंचाई पर भीषण ठंड और खड़ी चढ़ाई के बीच दुश्मनों का मुकाबला किया था। जून 1999 में तोलोलिंग चोटी पर दोबारा कब्जा मिलना युद्ध का बड़ा मोड़ साबित हुआ था। भारतीय सेना के जांबाज वीरों ने 26 जुलाई 1999 तक सभी चोटियों को पूरी तरह खाली करा लिया और तिरंगा फहराया। इस कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए 527 वीर जवान शहीद हुए थे । आज के दिन देश के सभी नागरिकों को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए। जिन्होंने अपनी जान देकर देश की सरहद की रक्षा की थी। देशवासियों को यह जानना चाहिए कि पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। लगभग तीस हजार भारतीय सैनिक और करीब पांच हजार घुसपैठिए इस युद्ध में शामिल थे। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार वापिस जाने को मजबूर किया। यह युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ और दोनों देशों की सेनाओं को लड़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। भारत ने कारगिल युद्ध जीता। पाकिस्तान में इस युद्ध के कारण राजनैतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई और नवाज शरीफ की सरकार को हटाकर परवेज मुशर्रफ राष्ट्रपति बन गए। दूसरी ओर भारत में इस युद्ध के दौरान देशप्रेम का उबाल देखने को मिला और भारत की अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिली। भारतीय सरकार ने रक्षा बजट और बढ़ाया। इस युद्ध से प्रेरणा लेकर कई फिल्में बनीं जिनमें एल ओ सी कारगिल, लक्ष्य और धूप मुख्य हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमन्त्री नवाज शरीफ और सेना प्रमुख जहांगीर करामात के बीच 1998 के करीब, मतभेद बढ गये थे। करामात की सेवानिवृत्ति के पश्चात किसे सेना प्रमुख बनाया जाय इस बात पर भी बहस चल रही थी। नवाज शरीफ ने एक आमसभा में अपने ऊपर की गई टीका-टिप्पणी से गुस्सा होकर करामात ने सेना प्रमुख पद से इस्तिफा दे दिया था। नवाज शरीफ ने जनरल परवेज मुशर्रफ को सेना प्रमुख के पद पर नियुक्त किया था। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। करीब दो महीने तक चला कारगिल युद्ध भारतीय सेना के साहस और जांबाजी का ऐसा उदाहरण है जिस पर हर भारतीय देशवासी को गर्व होना चाहिए। करीब अठारह हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल में लड़ी गई इस जंग में देश ने लगभग 527 से ज्यादा वीर योद्धाओं को खोया था। वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 750 पाकिस्तानी सैनिक जंग छोड़ के भाग गए। वैसे तो पाकिस्तान ने इस युद्ध की शुरूआत 3 मई 1999 को ही कर दी थी। जब उसने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर पांच हजार सैनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। इस बात की जानकारी जब भारत सरकार को मिली तो सेना ने पाक सैनिकों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन विजय चलाया। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के खिलाफ मिग -27 और मिग -29 का भी इस्तेमाल किया। इसके बाद जहां भी पाकिस्तान ने कब्जा किया था, वहां बम गिराए गए। इसके अलावा मिग -29 की सहायता से पाकिस्तान के कई ठिकानों पर आर -77 मिसाइलों से हमला किया गया। इस युद्ध में बड़ी संख्या में रॉकेट और बमों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान करीब दो लाख पचास हजार गोले दागे गए। वहीं पांच हजार बम फायर करने के लिए तीन सौ से ज्यादा मोर्टार, तोपों और रॉकेटों का इस्तेमाल किया गया। युद्ध के 17 दिनों में हर रोज प्रति मिनट में एक राउंड फायर किया गया था । यह एक ऐसा युद्ध था, जिसमें दुश्मन देश की सेना पर इतनी बड़ी संख्या में बमबारी की गई थी। लगभग तीन माह चले कारगिल युद्ध से देशवासियों को यह सीख लेनी चाहिए कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पर कभी भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान हमेशा इसी ताक में लगा रहता है कि कैसे भारत में अशांति फैलाई जाए । इतने जंग में हारने के बावजूद पाकिस्तान की आदत अब तक सुधरी नहीं है । जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान का असली चेहरा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान में कोई सुधार होता दिखता नहीं है। देश की आजादी के बाद से वह लगातार भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ता रहा है। वहीं हमारे वीर जवान सीमा पर उन्हें बराबर उसकी औकात बताते चले आ रहे हैं । जब पाकिस्तान सीमा पर भारत की बराबरी नहीं कर सका, तब छद्म रूप से भारत में अशांति फैलाने के लिए अपने स्लीपर सेल को भेजता रह रहा है । कश्मीर के मार्ग से पाक प्रशिक्षित घुसपैठियों बराबर भारत चले आ रहे हैं । यहां अशांति फैलाने में लगे हुए हैं। भारत में जो भी सांप्रदायिक दंगे होते हैं, उन दंगों में किसी न किसी रूप से पाकिस्तानी घुसपैठिए शामिल होते हैं । इसलिए हम सभी देशवासियों को आज 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के दिन यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम सब आपस में मिलकर रहेंगे । देश में सांप्रदायिक सौहार्द बनाकर रखेंगे। पाकिस्तानी घुसपैठ के किसी भी चाल को सफल नहीं होने देंगे। सच्चे अर्थों में कारगिल में शहीद हुए जांबाजों के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# व्यक्ति-क्रांति से धर्म-क्रांति के पुरोधाः युगद्रष्टा आचार्य भिक्षु

ललित गर्ग

भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में कुछ महापुरुष ऐसे हुए हैं जिन्होंने केवल धर्म का उपदेश नहीं दिया, बल्कि धर्म की आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। वे परम्परा के अनुयायी भर नहीं बने, बल्कि समय की आवश्यकताओं के अनुरूप धर्म को नया जीवन, नई दृष्टि और नई दिशा दी। ऐसे ही युगद्रष्टा थे आचार्य श्री भिक्षु। उन्होंने धर्म को कर्मकाण्ड, आडम्बर और रूढ़ियों के बंधनों से मुक्त कर सत्य, अहिंसा, संयम, आत्मानुशासन और चरित्र-निर्माण की सुदृढ़ भूमि पर स्थापित किया। इसीलिए वे केवल तेरापंथ धर्मसंघ के संस्थापक नहीं, बल्कि भारतीय धार्मिक चेतना में धर्म-क्रांति के महान पुरोधा माने जाते हैं। आचार्य भिक्षु के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष का समापन 27 जुलाई 2026 को हो रहा है। पूरे वर्ष देश-विदेश में विविध आध्यात्मिक, वैचारिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन और दर्शन का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ। इस राष्ट्रीय अभियान का नेतृत्व तेरापंथ धर्मसंघ की 113 वर्ष पुरानी सर्वोच्च संस्था जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा ने किया। आचार्य कालूगणी की प्रेरणा से स्थापित और आचार्य तुलसी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित इस संस्था ने त्रिशताब्दी वर्ष को केवल उत्सव तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे मूल्य-जागरण का राष्ट्रीय अभियान बना दिया। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाहटा ने आचार्य भिक्षु को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि आचार्य भिक्षु केवल एक महान संत नहीं, बल्कि दिव्य चेतना और युगद्रष्टा व्यक्तित्व के धनी थे। लगभग 300 वर्ष पूर्व उन्होंने जिस धर्मसंघ की स्थापना सत्य, अहिंसा, मर्यादा, अनुशासन और चरित्र के आधार पर की थी, वह आज भी निरंतर गतिशील होकर देश और दुनिया को नैतिकता, मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिक जीवन की नई दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि आचार्य भिक्षु का दर्शन किसी एक संप्रदाय की सीमाओं में बंधा नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। व्यक्ति-निर्माण से समाज-निर्माण और समाज-निर्माण से विश्व-कल्याण का उनका चिंतन आज के अशांत और मूल्य-संकट से जूझते विश्व के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। आचार्य भिक्षु का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य पर अडिग रहकर, मर्यादा का पालन करते हुए और आत्मानुशासन को जीवन का आधार बनाकर ही स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। आचार्य भिक्षु ऐसे समय में प्रकट हुए जब धर्म का स्वरूप अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका था। बाह्याचार को धर्म मान लिया गया था, कर्मकाण्ड को साधना समझा जाने लगा था और सम्प्रदायगत प्रतिस्पर्धा ने आध्यात्मिकता की गरिमा को धूमिल कर दिया था। ऐसे वातावरण में उन्होंने निर्भीक होकर घोषणा की कि धर्म का संबंध बाहरी प्रदर्शन से नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतःकरण की पवित्रता से है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जहां सत्य नहीं-वहां धर्म नहीं, जहां अहिंसा नहीं-वहां साधना नहीं और जहां चरित्र नहीं-वहां आध्यात्मिकता केवल आडम्बर है। आचार्य भिक्षु का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने साधुता को नई परिभाषा प्रस्तुत की। उनके अनुसार साधु होना केवल वेश बदल लेना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, लोभ, मोह और स्वार्थ का त्याग करना है। उन्होंने साधु जीवन को समाज के लिए आदर्श, अनुशासन और आत्मसंयम का जीवंत उदाहरण बनाया। उन्होंने कहा कि साधु का मूल्य उसके ज्ञान से पहले उसके चरित्र में है, उसके उपदेश से पहले उसके आचरण में है। इसीलिए, उन्होंने साधु जीवन को कठोर मर्यादाओं से जोड़ा और स्वयं उनका अक्षरशः पालन किया। आचार्य भिक्षु ने केवल उपदेश नहीं दिए, बल्कि मर्यादाओं का सुव्यवस्थित विधान निर्मित किया। वे मर्यादाएं किसी प्रकार का बंधन नहीं थीं, बल्कि साधना की सुरक्षा-रेखाएं थीं। उनका विश्वास था कि मर्यादा के बिना न व्यक्ति टिक सकता है, न संगठन और न ही धर्म। अनुशासन को उन्होंने धर्मसंघ की आत्मा माना। यही कारण है कि तेरापंथ धर्मसंघ की विशिष्ट पहचान उसकी मर्यादा, अनुशासन और एकसूत्रता रही है। आचार्य भिक्षु ने संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में केवल तेरह श्रावकों के साथ नए धर्मसंघ की स्थापना की। उन्होंने कभी संख्या को सफलता का आधार नहीं माना। उनके लिए गुणवत्ता, चरित्र और सत्य ही वास्तविक शक्ति थे। उन्होंने अपने धर्मसंघ को प्रभु के चरणों में समर्पित करते हुए कहा- ह्ययह तेरा पंथ है ह्न यही भाव आगे चलकर ह्नतेरापंथह्न नाम का आधार बना। इसमें किसी व्यक्ति का अहंकार नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण का भाव निहित है। आचार्य भिक्षु की एक और विलक्षण देन है- एक आचार्य, एक विचार और एक संगठन की व्यवस्था। यानी तेरापंथ धर्मसंघ का आधार बना एक नेतृत्व, एक विधान एवं एक प्ररूपणा। उन्होंने अनुभव किया कि जहां अनेक सत्ता-केंद्र होंगे, वहां मतभेद, संघर्ष और विघटन भी होंगे। इसलिए उन्होंने धर्मसंघ को एक अनुशासित नेतृत्व प्रदान किया। यह व्यवस्था किसी व्यक्ति-विशेष की प्रतिष्ठा के लिए नहीं थी, बल्कि संगठन की एकता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए थी। आज जब अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं नेतृत्व संघर्ष, गुटबाजी और वैचारिक विखंडन से जूझ रही हैं, तब आचार्य भिक्षु की यह संगठनात्मक दृष्टि अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध होती है। उनकी दृष्टि में धर्म केवल व्यक्तिगत मोक्ष का मार्ग नहीं था, बल्कि समाज के नैतिक पुनर्निर्माण का माध्यम भी था। उनका विश्वास था कि समाज को बदलने के लिए, पहले व्यक्ति को बदलना होगा। व्यक्ति का चरित्र बदलेगा तो परिवार बदलेगा, परिवार बदलेगा तो समाज बदलेगा और समाज बदलेगा तो राष्ट्र भी बदल जाएगा। इसलिए उन्होंने व्यक्ति-क्रांति को धर्म-क्रांति का आधार बनाया। उनका सम्पूर्ण चिंतन आत्मपरिष्कार से लोकपरिष्कार की यात्रा है। आचार्य भिक्षु ने सत्य और अहिंसा को केवल दार्शनिक आदर्श नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें व्यवहार का विषय बनाया। सत्य उनके लिए निर्भीकता का पर्याय था और अहिंसा करुणा, सहिष्णुता तथा आत्मसंयम का जीवन-मूल्य। यही कारण है कि उनके विचार आगे चलकर आचार्य तुलसी के अणुव्रत आंदोलन, आचार्य महाप्रज्ञ की प्रेक्षाध्यान एवं अहिंसा यात्रा और वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण के नैतिक जागरण अभियानों में निरंतर विकसित होते रहे। महात्मा गांधी द्वारा सत्य और अहिंसा को राष्ट्रीय जीवन का आधार बनाने में भी भारतीय संत परम्परा की इसी चेतना की स्पष्ट अनुगूँज सुनाई देती है। आज के वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण अपने पदयात्रा-आधारित जनजागरण अभियानों, व्यसनमुक्ति, नैतिकता, सद्भावना, पर्यावरण संरक्षण और चरित्र निर्माण के संदेशों के माध्यम से वस्तुतः आचार्य भिक्षु के दर्शन को ही जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। उनका प्रत्येक कदम इस सत्य का प्रमाण है कि धर्म मंदिरों की सीमाओं में नहीं, बल्कि मनुष्य के व्यवहार में जीवित रहता है। आज का संसार अभूतपूर्व संकटों से गुजर रहा है। धर्म के नाम पर संघर्ष हैं, विचारधाराओं के नाम पर विभाजन है, संगठन व्यक्तिवाद से ग्रस्त हैं और मनुष्य भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक अशांति से घिरा हुआ है। ऐसे समय में आचार्य भिक्षु का दर्शन केवल तेरापंथ के लिए नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक बनकर सामने आता है। उनका संदेश है कि धर्म का आधार सत्य हो, नेतृत्व का आधार उत्तरदायित्व हो, संगठन का आधार अनुशासन हो और जीवन का आधार चरित्र हो। यदि व्यक्ति स्वयं बदलने का साहस कर ले, तो समाज परिवर्तन अपने आप प्रारंभ हो जाता है। आचार्य भिक्षु ने अपने समय से बहुत आगे की सोच रखी। उन्होंने धर्म को जड़ता से मुक्त कर विवेक से जोड़ा, साधुता को बाहरी पहचान से ऊपर उठाकर चरित्र से जोड़ा, संगठन को व्यक्तिवाद से मुक्त कर अनुशासन से जोड़ा और आध्यात्मिकता को लोकमंगल से जोड़ा। यही उनकी मौलिकता है, यही उनकी अमरता है। 27 जुलाई 2026 को जब आचार्य भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष का समापन होगा, तब यह केवल एक वर्षव्यापी आयोजन का अंत नहीं होगा। यह उस युगद्रष्टा महापुरुष के प्रति कृतज्ञता का अवसर होगा, जिसने धर्म को नई दृष्टि दी, साधुता को नया स्वरूप दिया, मर्यादाओं को जीवन का आधार बनाया और व्यक्ति-क्रांति से धर्म-क्रांति का ऐसा दीप प्रज्वलित किया, जिसकी ज्योति तीन शताब्दियों बाद भी उतनी ही उज्ज्वल, प्रेरक और प्रासंगिक है। यही आचार्य भिक्षु की सबसे बड़ी विजय है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि।

# स्वस्थ भारत की दिशा में शुभ संकेत है प्राकृतिक खेती का बढ़ना!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की कृषि क्रांति आज उत्पादन सफलता की वो कहानी कह रही है, जिससे कि विश्व के 150 से अधिक देश लाभान्वित हो रहे हैं, ऐसे में अब प्रश्न यह है कि जो अन्न हमारी थाली तक पहुंच रहा है, वह कितना सुरक्षित है, कितना पौष्टिक है और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को कितना सशक्त बना सकेगा। वस्तुतः पिछले कई दशकों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग ने कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि तो की, किंतु इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों की गुणवत्ता, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्न भी खड़े कर दिए। कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, मधुमेह, एलर्जी और अनेक गैर-संचारी रोगों के बढ़ते मामलों के बीच अब पूरी दुनिया टिकाऊ और प्राकृतिक कृषि की ओर लौट रही है, जिसमें कि भारत इसी परिवर्तन का नेतृत्व करता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में प्राकृतिक खेती को स्वस्थ किसान, स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ पर्यावरण और स्वस्थ भारत के राष्ट्रीय अभियान के रूप में स्थापित करने का प्रयास हुआ है। यही कारण है कि आज प्राकृतिक खेती का बढ़ता दायरा देश के भविष्य की नई दिशा का संकेत बन गया है। वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने कृषि नीति को उत्पादन-केंद्रित दृष्टिकोण से बाहर निकालना आरंभ कर दिया था। उद्देश्य यह रखा गया कि कृषि स्वास्थ्य लाभ के वैज्ञानिक नजरिए से हो। कहना होगा कि इसका पहला बड़ा कदम वर्ष 2015 में शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना थी। पहली बार किसानों को उनकी भूमि की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण उपलब्ध कराया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि खेत को वास्तव में किन पोषक तत्वों की आवश्यकता है। तब परिणाम में दिखा कि इससे उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग पर नियंत्रण संभव हुआ और संतुलित पोषण की संस्कृति विकसित होने लगी। आज इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। केंद्र सरकार के अनुसार 25.89 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं जोकि करोड़ों किसानों तक वैज्ञानिक कृषि ज्ञान पहुंचाने का सबसे बड़ा अभियान बन चुका है। इससे संतुलित उर्वरक उपयोग से जहां खेती की लागत कम हुई है, वहीं मिट्टी को जैविक गुणवत्ता में सुधार और दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। प्राकृतिक खेती को प्रारंभिक प्रयोगों से निकालकर व्यापक जनभागीदारी वाले कार्यक्रम का स्वरूप देने के लिए केंद्र सरकार ने नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को गति प्रदान की है। ताजा सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो दिखाई यही देता है कि यह मिशन अब 18,786 क्लस्टरों तक पहुंच चुका है, जो 8.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हैं। देश के अनेक राज्यों में लाखों किसान प्राकृतिक खेती, जैविक खेती अथवा कम-रासायनिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। विशेष रूप से आंध्र प्रदेश की सामुदायिक प्राकृतिक खेती, हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक कृषि खुशहाल किसान योजना, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न मॉडल यह सिद्ध कर रहे हैं कि यदि नीति सही दिशा में हो, प्रशिक्षण और बाजार का उचित सहयोग मिलना आरंभ हो जाए तो किसान स्वेच्छा से रसायन आधारित खेती से बाहर निकलने को तैयार हैं, इसीलिए ही आज प्राकृतिक खेती राष्ट्रीय कृषि विमर्श का केंद्रीय विषय बन चुकी है। भारतीय परंपरा में धरती को माता कहा गया है। यदि माता ही बीमार होगी तो उससे प्राप्त अन्न भी पूर्णतः पोषक नहीं हो सकता। यही वैज्ञानिक सत्य आज आधुनिक कृषि विज्ञान भी स्वीकार कर रहा है। मिट्टी में जैविक कार्बन, सूक्ष्म पोषक तत्व और लाभकारी जीवाणुओं की पर्याप्त मात्रा ही गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की आधारशिला है। इसी उद्देश्य से सरकार ने एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसियों (आत्मा) और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के माध्यम से अब तक करीब 7.17 लाख प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग और जल संरक्षण की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही 70,002 कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जो गांव-गांव जाकर किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य और प्राकृतिक कृषि के प्रति जागरूक बना रही हैं। सरकार ने यह भी समझा है कि कृषि सुधार सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसलिए स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 4,430 विद्यालयों तथा 1,29,167 विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ा गया है। यह आने वाली पीढ़ी को प्रकृति और कृषि के बीच के संबंध को समझाने की दूरदर्शी पहल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) समय-समय पर यह संकेत देते रहे हैं कि कृषि रसायनों का विवेकपूर्ण उपयोग अत्यंत आवश्यक है। अनेक वैज्ञानिक अध्ययनों में यह पाया गया है कि कीटनाशकों के अत्यधिक और लंबे समय तक संपर्क में रहने वाले लोगों में कुछ प्रकार के कैंसर, तंत्रिका तंत्र संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन तथा प्रजनन संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। यद्यपि किसी एक बीमारी का कारण अकेला भोजन नहीं होता, फिर भी सुरक्षित, कम-रासायनिक और अवशेष-मुक्त खाद्य पदार्थ बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## दैनिक पंचांग

**26 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.08 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 09.19 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.30 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.45 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 16.01 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.06 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.52 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.25 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.56 बजे से |
| | | वृष | 00.36 बजे से |
| | | मिथुन | 02.34 बजे से |
| | | कर्क | 04.47 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2026 वर्ष का 207 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 13.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 07.35 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 22.05 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 13.58 बजे तदनन्तर कौलव 03.08 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 28'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872782
**जूलियन दिन** 2461247.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर
**तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत, वासुदेव द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं। अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## गोबरघूसी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 25 सदस्यीय प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**पटमदा :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी पटमदा में आम सभा का आयोजन किया। आमसभा में विभागीय आदेशानुसार 25 सदस्यी विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया। गठित समिति का कार्यकाल 2 वर्षो का होगा। कमिटी में अध्यक्ष धनंजय सहिस, उपाध्यक्ष लक्ष्मीवाला मांझी एवं सचिव सह प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र बेसरा सर्वसम्मति से चुने गए। सभा में जर्जर भवन का मरम्मत,शौचालय एवं चहारदीवारी का मुद्दा आम सभा में अभिभावको द्वारा उठाया गया। आम सभा में पारित करते हुए उच्च अधिकारियों, विधायक एवं सांसद को लिखित रूप में अवगत कराने का निर्णय लिया। मौके पर गोबरघुसी ग्राम प्रधान बेलू सिंह, पंचायत मुखिया प्रतिनिधी खगेन्द्र नाथ सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधी नीलरतन पाल, कन्हाई प्रमाणिक एवं काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षक–शिक्षिकाए उपस्थित थे।

## 10 अगस्त को निकलेगी सिल्ली में विशाल कांवड़ यात्रा

सिल्ली : सिल्ली कुशवाहा जागरण मंच सिल्ली की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सुंदर कुंज मैरिज हाल में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 अगस्त को सुबह 8 बजे से विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यात्रा मुरी स्वर्णरेखा नदी के हिंडालको घाट से पवित्र जल लेकर निकलेगी और सिल्ली के मंडप टोला स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्तगण भोले बाबा को जल अर्पित करेंगे। इसके बाद रूद्राभिषेक और आरती का आयोजन किया जाएगा। पूजा संपन्न होने के बाद उपस्थित सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष मुकेश कोईरी ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा श्रद्धा और आस्था का प्रतीक होगी। उन्होंने सभी शिव भक्तों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और पुण्य के भागी बनें।

# चांडिल वन विभाग पर दोहरे मापदंड का आरोप, कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

## एक पर कार्रवाई, दूसरे पर मेहरबानी! वन विभाग पर ग्रामीणों का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चांडिल :** चांडिल वन क्षेत्र में वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई कर रहा है और कुछ लोगों को खुली छूट दे रखी है। इसे लेकर क्षेत्र में एक आंख में सुरमा, दूसरी आंख में काजल जैसी स्थिति बताई जा रही है। 10 किमी दूर चिरूगोड़ा में कार्रवाई, दो किमी दूर भालुकोचा में खुलेआम चल रही मशीनें। चांडिल वन क्षेत्र के पदाधिकारियों ने डीएफओ के निर्देश पर 10 जून 2026 को चांडिल वन क्षेत्र के अधीन चिरूगोड़ा गांव में श्यामचंद सिंह द्वारा लंबे समय से संचालित आरा मशीन को जप्त किया था। आरोप है कि वह व्यक्ति अवैध रूप से लकड़ी चिराई का काम कर रहा था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि चांडिल वन क्षेत्र कार्यालय से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर भालुकोचा गांव में सुपौल कुम्हार द्वारा बड़े-बड़े आरा मशीन लगाकर धड़ल्ले से लकड़ी चिराई का काम किया जा रहा है। उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने कहा, चिरूगोड़ा जो समानपुर पंचायत में पड़ता है वहां जाकर कार्रवाई हो जाती है, लेकिन कार्यालय के पास ही भालुकोचा में सब कुछ चल रहा है और विभाग आंख बंद किए हुए है। चिरूगोड़ा के जिस आदिवासी की मशीन जप्त हुई है, उसने भी सवाल उठाया कि सुफल कुम्हार अवैध रूप से आरा मशीन चला रहा है, उस पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? साफ जाहिर है कि पदाधिकारियों की मिलीभगत से वह फल-फूल रहा है। कार्रवाई हो तो दोनों पर बराबर हो।

**हाथी–मानव संघर्ष और अवैध खन पर भी उठे सवाल**

ग्रामीणों ने वन विभाग पर अन्य मुद्दों को लेकर भी नाराजगी जताई।

1. हाथी पलायनः वन विभाग अब तक हाथियों के पलायन का कोई ठोस समाधान नहीं कर पाया है। जंगल से हाथी गांवों में प्रवेश कर उपद्रव मचा रहे हैं। हाथी और मानव संघर्ष लगातार बढ़ रहा है।

2. अवैध खनः वन क्षेत्र से सटे इलाकों में 0 दूरी पर एनओसी देकर अवैध पत्थर खन ओर बालू भंडारण चल रहा है। डिटोनेटर से ब्लास्टिंग भी की जा रही है, लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा।

**ग्रामीणों की मांग**

ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग निष्पक्ष कार्रवाई करे। सुफल कुम्हार की अवैध आरा मशीन को भी तुरंत जप्त किया जाए। साथ ही हाथी समस्या और अवैध खन पर भी ठोस कदम उठाए जाएं। गरीब किसान को न नोटिस मिला न कोई सूचना ओर कारवाई शुरू जंगल का लकड़ी चिराई करते हुए नहीं मिला । ओर मशीन के सारे पुर्जे खोल कर सरायकेला वन प्रमण्डल वन उप-परिसर पदाधिकारी आवास वन परिसर-नीमडीह चाण्डिल वन प्रक्षेत्र रघुनाथपुर जब्त कर लाया सामग्री रखा गया। श्यामचंद सिंह के परिवार के लोगों के लोग डरे हुए है। डीएफओ को फोन करने पर, नहीं उठाया न कोई जवाब दिया गया।फिलहाल इस मामले में चांडिल वन क्षेत्र के पदाधिकारियों से कोई आधिकारिक बयान नहीं मिल सका है।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला

:- शुद्धि पत्र :-

गुमला जिलान्तर्गत सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि PR 385674 Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department (26-27).D में प्रकाशित अवश्यक सूचना के क्रमांक 01 के कॉलम में विधवा महिलाओं के लिए भूलवश टंकित हो गई है। जिसे गौण किया जाता है, शेष शर्ते यथावत रहेगी।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी गुमला।

PR.NO.385879 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27):D

# यूथ चैंपियन प्रशिक्षण में बाल संरक्षण व नेतृत्व क्षमता पर जोर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बोड़ाम प्रखंड के भुला पंचायत भवन में यूथ चैंपियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक दायित्व, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, निर्णय लेने की क्षमता एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व विकसित करना था, ताकि वे अपने गांव और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते हुए विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों एवं परिवारों के सहयोगी बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को बताया गया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए केवल सरकारी योजनाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि युवाओं की जागरूक भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चा एवं अभ्यास सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व, संवाद कौशल, टीम वर्क, समस्या समाधान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि मानिक महतो ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के कई जरूरतमंद परिवार इनका लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण संघ जैसे सामाजिक संगठन गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर योजनाओं से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि बोड़ाम प्रखंड के 37 से अधिक बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जा चुका है, जिससे उन बच्चों की शिक्षा एवं आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिल रही है। उन्होंने घोषणा की कि वर्ष 2027 तक बोड़ाम प्रखंड के प्रत्येक कठिन परिस्थिति में जीवनयापन करने वाले परिवार को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। ऐसे बच्चों एवं उनके परिवारों की सहायता के लिए वे 24×7 हम उपलब्ध रहेंगे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, लोहरदगा जिला अन्तर्गत कुडू अंचल अवस्थित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती दि0 **06.08.2026 एवं 11.08.2026 को 1.30** बजे से कार्यालय अवधि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खुला डाक द्वारा सरकारी **आदेश सं0 114, दिनांक 18.01.1992** में निहित प्रकिया के अनुसार की जाएगी। उपरोक्त तिथियों को बंदोबस्त न होने वाले जलकरों की बंदोबस्ती हेतु **प्रत्येक सप्ताह बुधवार** को 1:30 बजे डाक आयोजित की जाएगी। खुला डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को जलकर की प्रतिभूति राशि वार्शिक सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे जमा करना होगा। जमा की गई राशि उच्चमत डाक वक्ता को छोडकर शेष डाक वक्ताओं को डाक समाप्ति के उपरांत वापस कर दिया जाएगा। बंदोबस्ती तीन वर्षो अर्थात **2026–27 से 2028–29** तक के लिए होगी। यदि प्रखण्ड स्तरीय निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति जलकरों की बंदोबंस्ती लेने के लिए इच्छुक हो तो उन्हें जलकर बंदोबस्ती लेने हेतु वांछित कागजातों के साथ प्रस्ताव समर्पित करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

समिति द्वारा बंदोबस्ती न लिए जाने पर खुला डाक द्वारा जलकरों की बंदोबस्ती की जाएगी। खुला डाक द्वारा बंदोबस्ती होने पर सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत बाद जलकर बंदोबस्ती की अधिकतम बोली की राशि जो एक वर्ष अर्थात 2026–27 के लिए होगी पूरी राशि एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा राशि जमा नहीं करने पर उनका डाक रद्ध करते हुए जमानत की राशि को जब्त कर ली जायगी। शेष दो वर्षो का राजस्व समयावधि में जमा कर देना अनिवार्य होगा। सक्षम पदाधिकारी से बदोबस्ती की स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात उंच्चतम डाक वक्ता को विभाग के साथ विधिवत एकरारनामा एवं निबंधन कराना होगा, जिसका पूरा व्यय डाक वक्ता को वहन करना होगा।

खुला डाक के लिए निर्धारित प्रथम तिथि से ही सभी जलकरों की बंदोबस्ती प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिन जलकरों की बंदोबस्ती प्रकिया पूर्ण होगी अथवा पूर्व से बंदोबस्त होगी वह जलकर सूची से स्वतः बाहर समझा जाएगा तथा अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को स्थगित करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षितर हेगा

राजस्व जलकरों की सूची निम्नवत हैं–

अंचल–कुडू

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा | जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सलगी तालाब | सलगो | – | 1901,1938 | 3.19 | 2.50 | 15000 |
| 2 | बड़की चांपी तालाब | बड़की चांपी | – | 704 | 0.32 | 0.20 | 1080 |
| 3 | सुकुमार तालाब | सुकुमार | 115 | 658 | 2.14 | 1.20 | 9600 |
| 4 | सुन्दरू तालाब | सुन्दरू | – | 430 | 2.12 | 1.50 | 9600 |
| 5 | विश्रामगढ़ तालाब | विश्रामगढ़ | – | 91 | 0.79 | 0.50 | 5500 |
| 6 | विश्रामगढ़ बाँध | विश्रामगढ़ | – | 1026 | 0.45 | 0.35 | 2000 |
| 7 | टाटी तालाब | टाटी | – | 392,393 | 1.96 | 1.00 | 4500 |
| 8 | कुडू बाजार टांड तालाब–1 | कुडू | – | 887 | 2.49 | 2.00 | 21600 |
| 9 | बारीडीह तालाब | बारोडीह | – | 707,708 | 3.94 | 2.00 | 6000 |
| 10 | पंडरा तालाब | पंडरा | – | 298,299 | 3.13 | 2.50 | 10200 |
| 11 | कोलसिमरी तालाब–1 | कोलसिमरी | – | 384 | .0.52 | 0.30 | 3000 |
| 12 | कोलसिमरी तालाब–2 | कोलसिमरी | – | 1709 | 2.40 | 1.00 | 3000 |
| 13 | जिंगी तालाब–2 | जिंगी | – | 136,137 | 5.79 | 3.00 | 13500 |
| 14 | जोंजरो तालाब | जोंजरो | – | 746 | 0.92 | 0.50 | 3600 |
| 15 | हुरहद तालाब–1 | हुरहद | – | 87 | 2.25 | 1.80 | 4800 |
| 16 | हुरहद तालाब–2 | हुरहद | – | 947 | 0.78 | 0.50 | 2000 |
| 17 | मकान्दू खजूर बाँध | चन्दलासो | – | 415 | 2.18 | 1.25 | 3000 |
| 18 | कोकड़ तालाब–1 | कोकड़ | – | 190 | 1.15 | 1.00 | 6000 |
| 19 | चीरी तालाब नया–2 | चीरी | 134 | 740 | 0.12 | 0.08 | 500 |
| 20 | चीरी तालाब–1 | चीरी | – | 655 | 1.00 | 0.55 | 1800 |
| 21 | फुलसुरी तालाब | फुलसुरी | 151 | 1042 | 3.40 | 1.50 | 3500 |
| 22 | सिंजो तालाब नया | सिंजो | – | 481 | 0.75 | 0.50 | 2800 |
| 23 | ककरगढ़ तालाब–2 | ककरगढ़ | – | 969 | 0.15 | 0.10 | 2700 |
| 24 | चण्डू नया तालाब | चण्डू | – | 92 | 0.50 | 0.35 | 5000 |
| 25 | जीमा तालाब | जीमा | – | 2273 | 0.40 | 0.25 | 3500 |
| 26 | जीमा तालाब नया–2 | जीमा | – | 2935 | 1.35 | 1.00 | 2000 |
| 27 | कुडू पेट्रोल पम्प तालाब | कुडू | – | 729,730 | 2.07 | 1.50 | 8400 |
| 28 | जीमा तालाब नया–1 | जीमा | – | 1974 | 4.06 | 3.50 | 7000 |
| 29 | कुडू नवाटोली तालाब–5 | कुडू | – | 2539 | 0.40 | 0.20 | 2500 |
| 30 | ककरगढ़ तालाब–1 | ककरगढ़ | – | 679 | 2.77 | 2.00 | 6000 |
| 31 | महुगांव तालाब | महुगांव | – | 293,294 | 0.72 | 0.40 | – |

नोटः– खुला डाक के लिए निर्धारित तिथिः 06.08.2026 एवं 11.08.2026 को 1:30 बजे पूर्वाह्न में जलकरों की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 385856 Lohardaga(26-27)#D

कांग्रेस के दोहरे रवैए के विरोध में भाजपा ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन

# परीक्षा में पारदर्शिता पर दोहरा मापदंड अपना रही कांग्रेस : विनय महतो धीरज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू जी के निदेर्शानुसार भाजपा रांची पूर्वी जिला द्वारा जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व में गोंदलीपोखर चौक में कांग्रेस के दोहरे रवैए एवं झारखंड के युवाओं के साथ हुए कथित अन्याय के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि कांग्रेस का रवैया पूरी तरह दोहरा है। एक ओर वह देशभर में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के हितों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, उत्पाद सिपाही सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं को लेकर उठे गंभीर सवालों, कथित अनियमितताओं तथा युवाओं के भविष्य के साथ हुए अन्याय पर पूरी तरह मौन है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और युवाओं को न्याय दिलाने की मांग को लेकर राज्यव्यापी विरोध कार्यक्रम चला रही है। प्रदेश प्रवक्ता आरती कुजूर ने कहा कि झारखंड के लाखों युवाओं की वर्षों की मेहनत और सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को अपने दोहरे मापदंड छोड़कर युवाओं के हित में स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ अन्याय करने वालों को कानून के दायरे में लाकर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए तथा भाजपा युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। पुतला दहन कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार चौधरी, भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी ने भी संबोधित किया।

# मुरी से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए 15 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** बंगला श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने के लिए मुरी रेलवे स्टेशन से शनिवार को 15 श्रद्धालुओं का जत्था रांची-गोड्डा एक्सप्रेस से रवाना हुआ।इस जत्थे में ऋषि राज कुशवाहा, राकेश कोईरी, कंचन मोदक, राहुल मोदक, आलोक चंद्रा, विजय स्वर्णकार, विजय गोराई, मिलन, गुडुल, विष्णु दत्ता, गोपाल लाहा, झींकू, दीपक साहू और गुड्डू चौधरी शामिल हैं। सभी श्रद्धालु पहले सुल्तानगंज पहुंचकर गंगा से पवित्र जल भरेंगे। इसके बाद पैदल यात्रा करते हुए देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद जत्था बाबा बासुकीनाथ धाम जाकर वहां भी जलाभिषेक करेगा। धार्मिक यात्रा के अंतिम चरण में श्रद्धालु तारापीठ पहुंचकर मां तारा देवी का दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि हर वर्ष श्रावण में वे बाबा के दर्शन के लिए जाते हैं और इस बार भी पूरी श्रद्धा के साथ यात्रा कर रहे हैं।

# सफलता की कहानी : पेंटिंग का काम छोड़ आधुनिक खेती से आत्मनिर्भर बने प्रेमनाथ महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** प्रेमनाथ महतो पहले पेंटिंग (रंगाई-पुताई) का कार्य करते थे। इस कार्य से होने वाली आय इतनी कम थी कि परिवार का भरण-पोषण करना भी कठिन हो जाता था। सीमित आय और परिवार की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने आधुनिक तकनीकों के साथ खेती को अपनाने का निर्णय लिया। इस बदलाव में उषा मार्टिन फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाउंडेशन के हेड डॉ. मयंक मुरारी के मार्गदर्शन में प्रेमनाथ महतो को प्रत्येक सीजन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण बीज, स्ट्रॉबेरी के पौधे, गेंदा फूल के बीज, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, पॉली शेड नेट तथा सोलर इंसेक्ट ट्रैप उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त उन्हें आधुनिक खेती, फसल प्रबंधन एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण तथा निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इन संसाधनों और अपनी मेहनत के बल पर प्रेमनाथ महतो ने अपनी 3 एकड़ कृषि भूमि पर टमाटर, बैंगन, शिमला मिर्च, फूलगोभी, खीरा, स्ट्रॉबेरी तथा गेंदा फूल की खेती शुरू की। ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पानी की बचत हुई, पॉली शेड नेट के उपयोग से पौधों की बेहतर वृद्धि हुई तथा सोलर इंसेक्ट ट्रैप के माध्यम से कीट प्रबंधन अधिक प्रभावी बना। इसके परिणामस्वरूप फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा खेती की लागत और जोखिम में भी कमी आई। जहाँ पहले पेंटिंग के कार्य से परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल था, वहीं आज आधुनिक खेती के माध्यम से प्रेमनाथ महतो प्रतिवर्ष लगभग 3 से 4 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी आय में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है और परिवार की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में काफी सुदृढ़ हो गई है। अब वे अपने बच्चों की शिक्षा, खेती में पुनर्निवेश तथा परिवार की अन्य आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर पा रहे हैं। प्रेमनाथ महतो कहते हैं, ¤यदि खेती को आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज और सही मार्गदर्शन के साथ किया जाए, तो यह सबसे लाभदायक व्यवसाय बन सकती है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग ने मेरी जिंदगी बदल दी। आज खेती ही मेरे परिवार की मुख्य आय का स्त्रोत है और मैं अन्य किसानों को भी आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करता हूँ। प्रेमनाथ महतो की सफलता इस बात का सशक्त उदाहरण है ।

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा विद्यार्थियों की बडी जीत : प्रणव वर्मा

**सरिया :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य एवं वरिष्ठ नेता प्रणव बर्मा ने शनिवार को सरिया में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देशभर के विद्यार्थियों के संघर्ष, एकता और लोकतांत्रिक आवाज की जीत है। उन्होंने कहा, जब लाखों छात्र–छात्राएं अपने भविष्य, शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते हैं, तो सरकार को उनकी भावनाओं का सम्मान करना पड़ता है। यह विद्यार्थियों की बडी जीत है। बर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह होनी चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ अन्याय न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SR/DT/Med-08/2026-27 (1st Call) दिनांक 23.07.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नामः– | Relocation of defunct tube well of 300mm dia x 115 mm dia GPT cum drilled tube well 60.00 M, 125x115 mm dia drilled tube well 90.00 M and 125x115mm dia drilled tube well 120.00 M depth drilled tube well with installation of IM-II/Extra deep well Hand Pump including 32mm dia G.I Medium c lass riser pipe by DTH (FDS/KPO/COPCO) Rig Machine/Reverse Rotary Machine with 125mm dia blue UPVC casing Pipe/Perforated including platform, drain and taken out old materials to be stored in departmental store etc. complete ("on turn key basis") under DW&S Division, Medininagar for the year 202 6-27 **(Zila Yojana Untied Fund Palamau)** |

| क्र0 सं0 | योजना का नाम :– | ग्रुप एवं नलकूपों का पुर्नगठन की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पाँकी पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 300एम0एम0X115एम0एम0 व्यास का जी0पी0टी0 सहित ड्रिल्ड नलकूप 60.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प अधिष्ठापन कार्य। | SR/GPT-4 Nos. | 5,91,981.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 02 (Two) Month |
| 2. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 125एम0एम0X 115एम0एम0X90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/M/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-2 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-3 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-4 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 3. | पलामू जिला अन्तर्गत जपला–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/J/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-2 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-3 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 4. | पलामू जिला अन्तर्गत जपला–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/J/DT-1 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-2 22 Nos. | 22,41,819.00 | 45,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 5. | पलामू जिला अन्तर्गत पाँकी–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, पाँकी में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/P/DT-1 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/P/DT-2 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 6. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 120.00 मी0 गहराई एवं Extra Deep Well हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/M/DT-1 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-2 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-3 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 7. | पलामू जिला अन्तर्गत पाँकी–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, पाँकी में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 120.00 मी0 गहराई एवं Extra Deep Well हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/P/DT-1 10 Nos. | 13,06,651.00 | 26,500.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/P/DT-2 10 Nos. | 13,06,651.00 | 26,500.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 8. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.08.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 9. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 10. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 11. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.08.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 12. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | |
| 13. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 | | | | |
| 14. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.385836 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

## एक नजर

### छह माह से मानदेय नहीं मिलने पर आउटसोर्सिंग कर्मियों में आक्रोश

**प्रतापपुर (चतरा) :** कमांडो आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आउटसोर्सिंग कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लीलावती ने की। बैठक में कर्मियों ने लंबित मानदेय को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए आंदोलन की घोषणा की। कर्मियों ने कहा कि कम मानदेय पर भी वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन लगातार छह माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के मानदेय का भुगतान संबंधित एजेंसी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की जिम्मेदारी है, लेकिन भुगतान में लगातार विलंब से सभी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो 27 जुलाई 2026 को सामूहिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद मांगें पूरी नहीं होने पर 28 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस संबंध में सिविल सर्जन ने बताया कि कर्मियों के मानदेय का भुगतान एक सप्ताह के भीतर होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिनियोजन के कारण बिल भेजने में कुछ विलंब हुआ, जिससे भुगतान प्रभावित हुआ। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार संजीव कुमार ने बताया कि मानदेय भुगतान का बिल पहले ही भेजा जा चुका है, लेकिन भुगतान में देरी आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से हो रही है। दूसरी ओर, आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी नवल किशोर से फोन पर संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब दिए बिना फोन काट दिया।

### संदिग्ध मार्ग से कोयला ले जा रहे दो हाइवा जब्त

**टंडवा (चतरा) :** सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना प्रबंधन और टंडवा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कोयला लदे दो हाइवा जब्त कर लिए। दोनों वाहनों को सराढ़ु-उड़सू सड़क के समीप जांच के दौरान रोका गया। प्रारंभिक जांच में वाहनों के संदिग्ध मार्ग से कोयला लेकर निकलने की आशंका के आधार पर उन्हें कब्जे में लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब्त वाहनों का पंजीकरण संख्या जेएच 02 बीवाई 5861 एवं जेएच 02 बीटी 5175 है।

### मां भद्रकाली न्यास समिति ने लिया शपथ

**इटखोरी (चतरा) :** जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में शनिवार को नवगठित मां भद्रकाली न्यास समिति के अध्यक्ष यतेंद्र सिंह चौहान सहित सभी सदस्यों ने माता के समक्ष विधिवत शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के साथ ही समिति ने मंदिर की धार्मिक गरिमा बनाए रखने, पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह में मंदिर परिसर श्रद्धालुओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने मंदिर की परंपराओं का सम्मान करते हुए स्वच्छता, सुरक्षा, सुव्यवस्थित धार्मिक आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। न्यास समिति के अध्यक्ष यतेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर की गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि समिति सामूहिक रूप से मंदिर के विकास, सुरक्षा, पारदर्शी प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेगी।

# ईएसएल स्टील की एए/स्टेबल रेटिंग बरकरार वेदांता समूह की इस्पात रणनीति को मिला समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** क्रिसिल रेटिंग्स ने ईएसएल स्टील लिमिटेड की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग एए/स्टेबल को बरकरार रखा है। साथ ही कंपनी को रेटिंग वॉच विद डेवलपिंग इम्प्लीकेशंस से हटा दिया गया है। यह निर्णय वेदांता समूह की इस्पात कारोबार रणनीति और ईएसएल स्टील की मजबूत होती व्यावसायिक स्थिति को दर्शाता है। क्रिसिल की रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार, ईएसएल स्टील वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड की मूल्य श्रृंखला और दीर्घकालिक कारोबार रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मध्यम अवधि में ईएसएल स्टील के वेदांता आयरन एंड स्टील की आय में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में शामिल होने की उम्मीद जताई गई है। क्रिसिल ने कहा कि वेदांता समूह के ऐतिहासिक पुनर्गठन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद समूह का इस्पात कारोबार विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहा है। इसी समीक्षा के तहत वेदांता लिमिटेड, वेदांता एल्युमिनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता पावर की गारंटी वाली सुविधाओं की रेटिंग में भी सुधार किया गया है। रेटिंग एजेंसी ने ईएसएल स्टील के परिचालन प्रदर्शन में सुधार को भी प्रमुख आधार बताया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन स्थिरता और बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया है। इसके साथ ही कंपनी की नकदी और नकद समकक्ष स्थिति में करीब 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मजबूत होती वित्तीय स्थिति को दर्शाती है। क्रिसिल ने वेदांता समूह के विविधीकृत धातु कारोबार और लागत-कुशल परिचालन को भी समूह की प्रमुख ताकत बताया है। एजेंसी के अनुसार, ईएसएल स्टील को वेदांता आयरन एंड स्टील की ओर से परिचालन, प्रबंधन और वित्तीय स्तर पर लगातार मजबूत समर्थन मिल रहा है। इसमें दीर्घकालिक ऋण के लिए बिना शर्त और अपरिवर्तनीय कॉर्पोरेट गारंटी भी शामिल है। ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा ने कहा कि क्रिसिल द्वारा एए/स्टेबल रेटिंग की पुष्टि कंपनी के बेहतर परिचालन प्रदर्शन, वित्तीय मजबूती और वेदांता आयरन एंड स्टील के भीतर उसकी रणनीतिक भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कंपनी परिचालन दक्षता बढ़ाने, वित्तीय स्थिति मजबूत करने और सतत विकास की दिशा में लगातार काम कर रही है। ईएसएल स्टील भारत के बुनियादी ढांचा और विनिर्माण क्षेत्र की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। ईएसएल स्टील लिमिटेड वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड की सहायक कंपनी है। कंपनी झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी में 1.5 एमटीपीए क्षमता वाले एकीकृत इस्पात संयंत्र का संचालन करती है। यहां पिग आयरन, बिलेट, टीएमटी बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप का निर्माण किया जाता है।

# भाजपा ने झारखंड भर्ती घोटालों के विरोध में बोकारो में जुलूस निकालकर राहुल गांधी का पुतला फूंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल और उत्पाद सिपाही सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया। इसी कड़ी में भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र राज व पूर्व विधायक बिरंची नारायण के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नया मोड़, बिरसा चौक पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर राज्य सरकार और कांग्रेस की 'चुप्पी' पर जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा पिछले कई सालों से जेपीएससी और जेएसएससी की तैयारी कर रहे हैं। पेपर लीक, धांधली और परीक्षाओं के रद्द होने से उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद युवाओं से किए गए वादे भूल गई है। राहुल गांधी देशभर में 'युवा न्याय' की बात करते हैं, लेकिन अपने ही राज्य में युवाओं के साथ हो रहे अन्याय पर चुप हैं। यह दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र राज ने उत्पाद सिपाही परीक्षा में हुई गड़बड़ी को शर्मनाक बताया और कहा कि अभ्यर्थियों के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जांच के नाम पर लीपापोती कर रही है और इसके खिलाफ कड़ा कदम उठाने की मांग की। डॉ. राज ने कहा, हम मांग करते हैं कि सभी विवादित परीक्षाओं की सीबीआई जांच कराई जाए और दोषियों को सजा दी जाए। अगर सरकार ने युवाओं की आवाज नहीं सुनी तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। प्रदर्शनकारियों ने युवाओं के साथ धोखा बंद करो, पेपर लीक करने वालों को जेल भेजो, सभी भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच, पेपर लीक माफिया पर कड़ी कार्रवाई तथा रद्द परीक्षाओं की नई तिथि जल्द घोषित हो जैसे नारे लगाए। नेता-कार्यकर्ताओं ने परीक्षाओं में पारदर्शिता, मुआवजा देने और पुनः भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की भी मांग की।

### पावर सबस्टेशन चोरी मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो :** नावाडीह थाना अंतर्गत दर्ज कुख्यात केस संख्या 18/2022 (दिनांक 03.03.2022, धारा 395 भादवि.) में वांछित अभियुक्त सुगन साव उर्फ साव जी को शुक्रवार रात्रि करीब 11 बजे विशेष छापेमारी में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के घर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तकनीकी व मानवीय सूचनाओं के आधार पर गठित विशेष टीम ने दबिश देकर उसे विधिवत हिरासत में लिया। आरोपी सुगन साव पिता स्व. गुजर साव, निवासी कुरुम तेतरिया टोला, थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़ है। पुलिस के अनुसार दिनांक 03.03.2022 को खरपीटो पावर सबस्टेशन में घुसकर 08 से 10 अज्ञात व्यक्तियों ने हथियार के बल पर वहां मौजूद कर्मियों पर हमला कर ट्रांसफारमर के क्वाइल निकालकर ले जाने की घटना को लेकर नावाडीह थाना में केस दर्ज किया गया था।

# केंद्र सरकार की मनमानी का नतीजा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा- रणधीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** केंद्र सरकार की मनमानी के कारण शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा सत्ता के नशे में केंद्र सरकार इतना चूर थी देश की जनता और उसकी भावनाओं से उनका कोई सरोकार नहीं रह गया था सत्ता में बने रहने के लिए सरकार लगातार देश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे थे पेपर लीक का मामला हो, किसान एवं मजदूरों का आंदोलन हो, बेरोजगारी और महंगाई की समस्या हो किसी भी जनहित के मामलों पर सरकार गंभीर नहीं रही सरकारी तंत्र को अपने कब्जे में करके वे धड़क दूसरे दलों को तोड़कर अपनी ताकत बढ़ाने में लगा है आज देश की युवाओं ने यह प्रदर्शित कर दिया की जो जनता सत्ता दे सकती है जब चाहे तब सत्ता छीन सकती है जंतर मंतर पर बैठे देश के लाखों युवाओं एवं देश के लगभग 800 से अधिक शहरों में जिस प्रकार यह आंदोलन अपनी गति को पकड़ रहा था निश्चित रूप से यह देश की युवाओं की जीत है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं जिस प्रकार लगातार धैर्य के साथ शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक मर्यादा में रहकर आंदोलन को चलाया हर एक परिस्थिति में डटे रहे निश्चित रूप से यह इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तहे दिल से उनका आभार व्यक्त करती है उक्त बातें बैठक को संबोधित करते हुए रणधीर सिंह ने प्रधान कार्यालय सेक्टर 9 में कहीं बैठक में मुख्य रूप से जैन झा, महेश तिवारी, जितेंद्र सिंह, बैजनाथ सिंह, सरजू राय, अनिल चौबे, एके मिश्रा, ओलेट अली, जलील अंसारी, के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# तृतीय सेल एचआर कॉन्क्लेव में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम को मिली सफलता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची में दिनांक 22 एवं 23 जुलाई 2026 को आयोजित तृतीय सेल एचआर कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित अंतर-इकाई (इंटर-यूनिट) प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। इस कॉन्क्लेव का मुख्य विषय बियॉंड पॉलिसीज: एचआर एज द आर्किटेक्ट ऑफ परफॉर्मेंस कल्चर रखा गया था। दो दिवसीय इस गरिमामय आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस्पात प्राधिकरण में नीतियों से आगे बढ़कर एक उच्च प्रदर्शन संस्कृति के निर्माण में मानव संसाधन की भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों के दौरान प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), सेल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) द्वारा सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत निदेशक (कार्मिक), सेल ने अपने संबोधन में संगठन के विकास में मानव संसाधन की रणनीतिक भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेल द्वारा अपने मुख्य भाषण (की-नोट एड्रेस) में सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए भविष्य के संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रदर्शन-उन्मुख संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कॉन्क्लेव में आयोजित अंतर-इकाई प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में बोकारो इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एच. शेखर, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती शिप्रा हेम्ब्रम तथा वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री सुष्मिता सोरेन की टीम ने बियॉंड पॉलिसीज: एचआर एज द आर्किटेक्ट ऑफ परफॉर्मेंस कल्चर विषय पर अपना प्रभावी प्रस्तुतिकरण दिया। टीम ने बीएसएल में लागू की जा रही जन-केंद्रित पहलों और कार्यसंस्कृति में आए सकारात्मक बदलावों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर यह शीर्ष स्थान अर्जित किया।

# दूसरों से तुलना की बजाय खुद में सर्वश्रेष्ठ बनें विद्यार्थी: सिटी डीएसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** कक्षा में केवल प्रथम आना ही सफलता नहीं है। कल से बेहतर होना असल कामयाबी है। हर बच्चा अपने-आप में प्रतिभावान है। दूसरों से तुलना करने के बजाय आप स्वयं का बेस्ट वर्जन यानी खुद में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करते रहें। ये बातें बोकारो के पुलिस उपाधीक्षक (नगर) राजीव रंजन ने शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की प्राइमरी इकाई के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अचीवर्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। पुरस्कृत बच्चों की उपलब्धि को उन्होंने उनके सतत परिश्रम व उनकी लगन का परिणाम बताया। श्री रंजन ने विद्यार्थियों को सदैव बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने, अनुशासित बने रहने, हमेशा सीखते रहने तथा कभी हार न मानने की प्रेरणा दी। यह भी कहा कि बच्चों की कामयाबी के पीछे उनके माता-पिता व शिक्षकों का भी परिश्रम है, अतः विद्यार्थी सदैव उनका आदर करें। इस अवसर पर डीएसपी श्री रंजन ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के साथ शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कुल 309 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और अचीवर्स बैज प्रदान कर पुरस्कृत किया। इनमें कक्षा 2 से 5वीं तक के वैसे विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इसके पूर्व, आरंभ में पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि के हरित स्वागत के उपरांत मंगलदीप प्रज्वलन से समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ।

#### कृतज्ञता सर्वोत्तम व्यवहार : प्राचार्य डॉ. गंगवार

इस मौके पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत, गलतियों के बाद सुधार और उनके छोटे-छोटे प्रयासों के बड़े परिणाम पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवोदित क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए बच्चों को आगे भी लगातार इसी प्रकार बेहतरी के प्रयास जारी रखने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय की कटिबद्धता को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने बच्चों से अच्छा इंसान बनने का आह्वान किया। कहा कि जीवन में सदैव नैतिक मूल्यों के साथ कृतज्ञता का भाव बनाए रखें, क्योंकि यह सबसे अच्छा व्यवहार है।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी मनभावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबकी भरपूर सराहना पाई। शुरुआत में जहां छात्राओं की टोली ने सुमधुर स्वागत गान - मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम... और विद्यालय गीत - आया है नया सवेरा... प्रस्तुत किया, वहीं इसके बाद भांगड़ा नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति में जीवन के उत्सव और उमंग के साथ-साथ पंजाबी लोक-संस्कृति की मनोहारी छटा बिखेरी। इस क्रम में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि श्री रंजन को शॉल से अलंकृत कर तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### 7.540 किलो अफीम व 293.900 किलो डोडा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**चतरा :** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेगम गांव में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अफीम और डोडा बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.540 किलोग्राम अफीम, 293.900 किलोग्राम डोडा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके अन्य सहयोगियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि तेगम गांव निवासी जलेश कुमार पिता फुलेश्वर महतो अपने घर में व्यापार के उद्देश्य से अवैध रूप से अफीम और डोडा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की, जहां तलाशी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी जलेश कुमार को गिरफ्तार कर सभी बरामद सामानों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया। इस संबंध में कुंदा थाना कांड संख्या 52/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 15, 18, 27 एवं 29 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी दल में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब, कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार मंडल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### खरीफ किसान गोष्ठी के तहत 32 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण

**गिद्धौर (चतरा) :** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मायाडीह गांव में शनिवार को खरीफ किसान गोष्ठी के तहत किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीटीएम प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान 32 किसानों के बीच उन्नत किस्म के मक्का बीज का वितरण किया गया। किसानों को खरीफ मौसम में वैज्ञानिक तरीके से मक्का की खेती करने, बेहतर उत्पादन प्राप्त करने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को मक्का की उन्नत खेती, समय पर बुआई, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं फसल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं, ताकि किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकें। इस अवसर पर कृषक मित्र प्रसादी पासवान सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे। किसानों ने बीज वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे खेती के लिए लाभदायक पहल बताया।

### सलगा गांव में पारंपरिक आषाढ़ी पूजा संपन्न, ग्राम देवी मंडप व कुंभरण में हुई सामूहिक आराधना

**गिद्धौर (चतरा) :** गिद्धौर प्रखंड के सलगा गांव में शनिवार को पारंपरिक गांव गृही (आषाढ़ी पूजा) श्रद्धा एवं धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने कुंभरण एवं ग्राम देवी मंडप में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, भरपूर फसल, पशुधन की सुरक्षा तथा सभी ग्रामीणों के स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। कुंभरण पुजारिया गिरधारी यादव ने बताया कि यह पूजा गांव की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। मान्यता है कि इस पूजा से खरीफ फसल की अच्छी उपज होती है, इसलिए प्रत्येक वर्ष सभी ग्रामीण एकजुट होकर ग्राम देवी मंडप, गंभेल एवं कुंभरण की सामूहिक पूजा करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस पूजा से गांव में सुख-शांति बनी रहती है तथा प्राकृतिक आपदाओं, बीमारियों और अन्य संकटों से रक्षा होती है। गांव के पुरोहितों एवं पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ग्राम देवता की पूजा-अर्चना कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। परंपरा के अनुसार इस अवसर पर बकरा बलि की प्रथा का भी पालन किया गया। गांव के वरिष्ठ ग्रामीण रामदेव यादव एवं उमेश यादव ने बताया कि ग्रामीण अपनी श्रद्धा और इच्छा के अनुसार बकरा बलि अर्पित करते हैं। वहीं पूजा आयोजन के लिए प्रत्येक परिवार से बिरही (चंदा) एवं डलिया के रूप में सहयोग लिया जाता है, जिससे पूजा सामग्री एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती हैं। गांव के प्रमुख व्यक्ति कामाख्या सिंह ने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और गांव की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

### फुटबॉल मैदान की अधूरी चारदीवारी जल्द होगी पूरी, विधायक ने किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा) :** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित फुटबॉल मैदान में निर्माणाधीन चारदीवारी का कार्य पिछले कुछ दिनों से अधूरा पड़ा हुआ है। इसे शीघ्र पूरा कराने को लेकर शनिवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार उज्जवल दास ने फुटबॉल मैदान पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि उनकी अनुशंसा पर डीएमएफटी (जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास) मद से फुटबॉल मैदान की अधूरी चारदीवारी का निर्माण कार्य 24 लाख 91 हजार 400 रुपये की लागत से पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैदान का समुचित विकास उनकी प्राथमिकता है, ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। विधायक ने चारदीवारी निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की तथा फुटबॉल मैदान के समग्र विकास को लेकर कई अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, भाजपा कार्यकर्ता कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, सुनील कुमार राणा, राजेश कुमार दांगी, मुकेश दांगी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सिद्धू मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कान्हाचट्टी (चतरा) :** कान्हाचट्टी प्रखंड की बकच्चमा पंचायत अंतर्गत ग्राम सिद्धू मैदान में शनिवार से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा नेता एवं भावी जिला परिषद उम्मीदवार सिकेंद्र खरवार ने फीता काटकर तथा फुटबॉल में किक मारकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सिद्धू गांव के युवा खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण भी किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिकेंद्र खरवार ने कहा कि खेल से व्यक्ति की पहचान बनती है और खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए।

## एक नजर

### बरहरवा आरपीएफ ने 41 बोतल अवैध शराब को किया जब्त



**साहिबगंज** : मालदा मंडल रेलवे अंतर्गत आरपीएफ इंस्पेक्टर/संजीव कुमार एवं आईपीएफ/एस. राय के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट बरहरवा, आरपीएफ/सीआईबी/मालदा तथा सीपीडीएस टीम द्वारा ट्रेन संख्या 53411 (बड़हरवा–साहिबगंज पैसेंजर) में अवैध मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कोच संख्या एनआर/094522 के तृतीय सामान्य डिब्बे के न्यू फरक्का छोर स्थित शौचालय के वॉल प्रोटेक्टर के भीतर छिपा हुआ एक हल्के नीले रंग का हैंड कैरी बैग बरामद किया गया। बैग के स्वामी का पता लगाने का प्रयास किया गया, परंतु कोई दावेदार नहीं मिला।जांच के दौरान बैग से ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की (375 मि.ली.) 08 बोतल, कुल मूल्य 4,640, झारखंड रॉयल सी. लिकर (300 मि.ली.) 33 बोतल, कुल मूल्य 2,145, बरामद की गई। विधिसम्मत कार्रवाई के उपरांत उक्त लावारिस शराब को जब्त कर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया तथा अग्रेतर वैधानिक कार्रवाई हेतु लिखित शिकायत सहित आबकारी विभाग, साहिबगंज को सुपुर्द किया गया।

### सांप काटने से महिला हुई मूर्छित, इलाजरत

**साहिबगंज**: जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के खरबन्नी गांव में शनिवार को धान रोपनी के दौरान एक महिला को सांप ने काट लिया। घटना के बाद महिला अचेत हो गई, जिससे खेत में काम कर रहे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार खरबन्नी निवासी अनीता सोरेन (20), पिता कालू सोरेन, खेत में धान की रोपनी कर रही थीं। इसी दौरान अचानक सांप ने उनके पैर में काट लिया। सांप के काटते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह अचेत होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें तत्काल इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

### रेलवे ने अचानक बंद किया साक्षरता चौक अंडरपास

**साहिबगंज** : मालदा मंडल रेलवे अंतर्गत साहिबगंज रेलवे द्वारा साक्षरता चौक स्थित अंडरपास रेलवे ब्रिज को अचानक बंद कर दिए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अंडरपास साक्षरता चौक को चानन, कबूतर खोपी, पुरानी साहिबगंज और आस-पास के इलाकों से जोड़ता है। रेलवे ने बिना पूर्व सूचना के ही अंडरपास ब्रिज को बंद कर दिया। इससे रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाले हजारों लोगों का आवागमन ठप हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अंडरपास से होकर चानन, कबूतर खोपी और आस-पास की बस्तियों के हजारों लोग प्रत्येक दिन आते-जाते हैं। बच्चे स्कूल, महिलाएं बाजार और मजदूर काम पर इसी रास्ते से आवागमन करते थे। अब अचानक बंद होने से सभी को लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस अंडरपास के बंद होने से एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं को भी दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि अगर मरम्मत या कोई काम करना था तो पहले सूचना दी जानी चाहिए थी। स्थानीय निवासियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अंडरपास को खोला जाए या वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने पर जोर, उपायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण

# एएसडीडी सूची, बैठक रजिस्टर और डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा, दो दिनों में लंबित कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हिरणपुर अंतर्गत उत्क्रमित प्लस-2 उच्च विद्यालय, मोहनपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या-148 एवं 149 तथा अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, फतेहपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या-201 का निरीक्षण कर अभियान के तहत संचालित कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित, अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाने के लिए पूरी गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एएसडीडी सूची (अररऊ), लंबित गणना प्रपत्रों, घर-घर सत्यापन कार्य, बूथवार डिजिटाइजेशन की प्रगति तथा अर्र्त्रि सूची एवं बीएलए-2 के बैठक रजिस्टर का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं गणना प्रपत्र को सुरक्षित रखेंगे। मोहनपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या-148 एवं 149 के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीएलए-2 के बैठक रजिस्टर एवं एएसडीडीएफ सूची की समीक्षा करते हुए अगले दो दिनों के भीतर लंबित डिजिटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एएसडीटी श्रेणी को छोड़कर सभी पात्र मतदाताओं के प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन निर्धारित समयसीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित बीएलओ सुपरवाइजर फखरे आजम द्वारा बताया कि मुझे आवंटित मतदान केंद्र संख्या-144 एवं 150 का डिजिटाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए अन्य बूथों के बीएलओ को भी इसी प्रकार लक्ष्य निर्धारित समय में पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि जिन पात्र मतदाताओं का नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, उनका प्रपत्र तत्काल भरवाकर जमा कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है।

## चोरों ने बंद घर में की चोरी, जरूरी दस्तावेज में लगा दिया आग, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के रक्सी गांव में शुक्रवार के देर रात्रि बंद घरों में सेंधमारी कर घर में आग लगाने की मामला प्रकाश में आया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रक्सी गांव निवासी लक्ष्मण पंडित एक प्रवासी मजदूर है वो काम करने बाहर गया हुआ है। उसकी पत्नी बिशाखा देवी घर में ताला मारकर सपरिवार अपने मायके धनजोड़ी गई थी। शनिवार को सुबह पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उसका घर का ताला टूटा हुआ है। आनन-फानन में वो घर पहुंची तो देखी घर का सारा सामान तितर बितर है और सभी आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक खाता, जमीन का पर्चा, रशीद सहित अन्य को जमीन में रखकर जला दिया है। वहीं आग की लहरें किसी अन्य सामान नहीं छू सका अन्यथा पूरी घर पर आग लग सकती थी। वही बक्से का ताला टूटा हुआ पाया जिसमें 20 हजार नकदी राशि के अलावा लगभग 30 भरी चांदी के जेवरात, लगभग 40 हजार रुपये का सोने का आभूषण था वो गायब है। इसके अलावा गैस और लाइन चूल्हा, कांसा का बर्तन आदि गायब मिला। जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि ये घटना चोरी का है। वहीं मामले की सूचना बरहेट थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही एएसआई धनंजय मंडल घटनास्थल पहुंचकर जाँच में जुट गए। इधर महिला बिशाखा देवी ने बरहेट थाना पहुंचकर घटनाक्रम को लेकर शिकायत दर्ज हेतु आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अमड़ापाड़ा के कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षा और खेल सुविधाएं होंगी हाईटेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा** : पाकुड़ जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अमड़ापाड़ा का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सबसे पहले विद्यालय की जिम का जायजा लिया। वार्डेन ने बताया कि व्यायामशाला में उपलब्ध सभी मशीनें खराब हो चुकी हैं, जिससे छात्राओं को नियमित व्यायाम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस पर उपायुक्त ने विद्यालय में नया जिम स्थापित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन व्यायाम करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं, इसलिए छात्राओं को नियमित रूप से व्यायाम कराया जाए। उपायुक्त ने कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्राओं से पढ़ाई-लिखाई की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में गणित की शिक्षिका नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि विद्यालय में गणित की शिक्षिका की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि छात्राओं की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। इसलिए वे पूरी लगन एवं मेहनत से अध्ययन करें और अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उपायुक्त ने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विज्ञान प्रयोगशाला एवं आईसीटी लैब का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की।

## रात्रि चौपाल के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में एसआईआर अभियान को मिली गति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एईआरओ सह अंचलाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया द्वारा सदर प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल एजेंट के साथ रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण के उद्देश्य, गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तथा समय-सीमा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जा सके। अभियान के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बीएलए एवं मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से 200 से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने इसे अभियान के प्रति लोगों की सकारात्मक भागीदारी का प्रमाण बताते हुए अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित करने पर बल दिया। इस अवसर पर एईआरओ-सह-अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ, बीएलए एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि 25 जुलाई तक अधिकतम गणना प्रपत्र हर हाल में संग्रहित कर जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि 29 जुलाई की निर्धारित समय-सीमा से पूर्व सभी प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, वे बिना विलंब अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रपत्र जमा करना सुनिश्चित करें।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में पाकुड़ में यंग डेमोक्रेट्स का धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में यंग डेमोक्रेट्स झारखंड ने शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने ठएएळ पेपर लीक, शिक्षा सुधार और रोजगार के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग की निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो० हंजेला शेख ने कहा कि न्याय, शिक्षा सुधार और रोजगार की मांग उठा रहे युवाओं पर केंद्र सरकार का रवैया दमनकारी है। उन्होंने कहा, ₹छात्रों की जायज मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करने के बजाय सरकार ने बल और डर का रास्ता चुना है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमला है। यंग डेमोक्रेट्स झारखंड के नवनियुक्त स्टेट ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के कन्वेनर उमर फारूक ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। संगठन के नेशनल ऑगेर्नाइजिंग कमेटी सदस्य रॉनी शेख ने कहा कि निहत्थे और शांतिपूर्ण विरोध कर रहे छात्रों की आवाज सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग करना बेहद निंदनीय है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च, शहीद छात्रों को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस कमिटी, साहेबगंज द्वारा जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में एक भव्य विजय मार्च निकाला गया। यह विजय मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक होते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुँचा, जहाँ इसका समापन हुआ। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर गगन भेदी नारे लगाए महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने पेपर लीक की घटनाओं के कारण अपनी जान गंवाने वाले बच्चों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों, युवाओं और पूरे देश में चले लोकतांत्रिक संघर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति के इस्तीफे की बात नहीं,बल्कि देश के करोड़ों छात्रों की आवाज और लोकतांत्रिक जनदबाव की जीत है। उन्होंने कहा कि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं है। पेपर लीक और उससे उत्पन्न परिस्थितियों के कारण जिन छात्रों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों को न्याय मिले।

### छात्रों ने पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन रैली निकाला




**साहिबगंज** : साहिबगंज कॉलेज परिसर से शनिवार को साहिबगंज कॉलेज पीजी एक के छात्र विजय कुमार रविदास व पीजी तीन के छात्र छोटेलाल पासवान के नेतृत्व में शनिवार को युवाओं के हितों की रक्षा, परीक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में व्यापक सुधार को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, शिक्षा माफिया व पेपर लीक गिरोह के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, सांसद में पेपर लीक पर चर्चा करने ओर शिक्षा व भर्ती परीक्षा में सुधार की मांग को लेकर साहिबगंज कॉलेज से विरोध प्रदर्शन जुलूस निकाला। जुलूस कॉलेज से निकलकर स्टेशन चौक, पटेल चौक, गांधी चौक, एलसी रोड, बादशाह चौक, सब्जी मंडी रोड, स्टेशन चौक, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक, समाहरणालय रोड होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जहां राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरफ्तारी वारंट के आधार पर हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने दबोचा




**अमड़ापाड़ा** : जिले के अमड़ापाड़ा थाना पुलिस ने लंबे समय से लंबित एक आपराधिक मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 32/2018 (एसटी संख्या 87/18) में भारतीय न्याय संहिता के पूर्व प्रावधानों के तहत धारा 341, 323, 324 एवं 307 (हत्या का प्रयास) के मामले में नामजद अभियुक्त धर्मल टुडू, पिता स्वर्गीय सुफल टुडू, निवासी पाडरकोला बांग्ला टोला, थाना अमड़ापाड़ा, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

### दिव्यांग बच्चों के सपनों को मिले पंख, सहायक उपकरण पाकर खिले चेहरे



**अमड़ापाड़ा**: प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को झारखंड समावेशी शिक्षा परियोजना, पाकुड़ के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 19 दिव्यांग बच्चों के बीच नि:शुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जूही प्रिया ने बच्चों को बैसाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, टीएलएम (टीचिंग एंड लर्निंग मैटेरियल) किट तथा कैलिपर जूते सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए ये उपकरण किसी पंख से कम नहीं हैं। इनकी मदद से बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ दैनिक जीवन के कार्यों को अधिक सहजता से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज और सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को समान अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी बच्चा अपनी शारीरिक चुनौतियों के कारण शिक्षा और विकास से वंचित न रहे। शिविर में एलिम्को रांची के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बच्चों की आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने अभिभावकों को उपकरणों के सही उपयोग और रखरखाव की भी जानकारी दी, ताकि बच्चे इनका अधिकतम लाभ उठा सकें। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स शिक्षक राकेश कुमार पाल ने किया। उन्होंने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे शिविर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एलिम्को के धनंजय मंडल, ज्ञाननेन्दु कुमार, रवि कुमार एवं हर्ष कटियार के अलावा रिसोर्स शिक्षक जयंत सरकार, राज कुमार, बाबूचंद मिर्धा, संजय हेम्ब्रम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अभिभावकों ने खुशी जताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

### पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने किया मिट्टी जांच प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण



**साहिबगंज**: पीएम श्री उत्क्रमित नगरपालिका कन्या उच्च विद्यालय, की कक्षा 9 एवं 10 की कुल 12 छात्राओं ने मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, साहेबगंज का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य के महत्व, वैज्ञानिक खेती तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, साहिबगंज ने छात्राओं को मिट्टी नमूना संग्रहण की वैज्ञानिक विधि, मृदा परीक्षण की प्रक्रिया तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर रासायनिक एवं जैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में मिट्टी के 12 प्रमुख मानकों, जैसे—पीएच, विद्युत चालकता, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, कॉपर, लोहा, मैंगनीज, मोलिब्डेनम एवं बोरॉन का परीक्षण किया जाता है। छात्राओं को बताया गया कि प्रत्येक किसान को प्रत्येक तीन वर्ष में अपने खेत की मिट्टी की जाँच अवश्य करानी चाहिए। मृदा परीक्षण के आधार पर अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित ₹खेत बचाओ अभियान₹ के माध्यम से मृदा संरक्षण एवं उर्वरता बनाए रखने के लिए किसानों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी ने छात्राओं से अपने-अपने खेतों की मिट्टी जाँच हेतु प्रयोगशाला में भेजने तथा अपने अभिभावकों एवं आसपास के किसानों को भी नि:शुल्क मृदा परीक्षण के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला में किसानों के लिए मृदा परीक्षण की सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध है।इस अवसर पर जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, साहेबगंज, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला के सभी कर्मी तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### राजमहल थाना में थाना दिवस का हुआ आयोजन





**साहिबगंज**: शनिवार को राजमहल थाना परिसर में थाना दिवस के अवसर पर भूमि विवाद से जुड़े 6 मामलों की सुनवाई की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीआई प्रवीण कुमार ने की। सुनवाई के दौरान संबंधित जमीन के कागजातों की गहन जांच की गई और पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया। इस क्रम में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जबकि कुछ मामलों में आवश्यक साक्ष्य के अभाव में अगली तिथि निर्धारित की गई। थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी भूमि से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे अधिकारियों ने सभी पक्षों की बात सुनकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी, अंचल कर्मी तथा भूमि विवाद से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# दुनिया के दुर्लभ फूल



## स्ट्रोंगिलोडोन मैक्रोबोट्रिस

हल्के हरे रंग का स्ट्रोंगिलोडोन मैक्रोबोट्रिस एक तरह की लता है। पंजे के आकार वाले इसके फूल फिरोजी रंग के होते हैं। हालांकि इसका रंग नीले हरे से लेकर चटक हरे तक भी हो सकता है। ये फूल फिलीपींस के जंगलों में पाए जाते हैं और कटाई के कारण खतरे में हैं।



## डेंड्रोफिलैक्स लिंडेनी

क्यूबा और फ्लोरिडा के जंगलों में पाए जाने वाले इस फूल को भूतहा ऑर्किड का नाम दिया गया है। इसे 20 साल पहले ही विलुप्त घोषित कर दिया गया था। इसमें पत्तियां नहीं होती। इसकी जड़ें प्रकाश संश्लेषण कर फूल को पोषण देती हैं। इस फूल का परागण सिर्फ जायंट स्फिंक्स नाम की तितली कर सकती है।



## हिबिस्कस कोकियो

शू फ्लॉवर की ये प्रजाति, सिर्फ हवाई में मिलती है। 1950 में इसे विलुप्त घोषित कर दिया गया था। 20 साल बाद कोकियो का एक पेड़ मिला। लाल से नारंगी रंग के फूलों वाला ये पौधा एक आगजनी में खत्म हो जाता, लेकिन इसकी एक डाली बचा ली गई और इसे 23 अन्य पौधों में ग्राफ्ट किया गया।



## एपिफाइलम ऑक्सीपेटालम

ये फूल श्रीलंका के जंगलों में होता है और बौद्ध धर्म में इसका खासा महत्व है। इस फूल की खासियत है कि यह सिर्फ रात में खिलता है और सुबह होने से पहले ही मुरझा जाता है।



## साइप्रिपेडियम कैलकेलस

कभी ये जंगली ऑर्किड पूरे यूरोप में मिलता था। लेकिन अब यह सिर्फ ब्रिटेन में होता है। पीले और जामुनी से रंग वाला ये फूल अब इतना दुर्लभ है कि इसकी एक डाली पांच हजार अमेरिकी डॉलर में मिल सकती है।



## एमोर्फोफैलस टाइटेनम

दुनिया का सबसे खूबसूरत और सबसे दुर्लभ यह फूल इंडोनेशिया में पाया जाता है। एक हफ्ते तक खिलने वाला यह फूल सड़े हुए जानवर जैसी बदबू फैलाता है। खिलने के बाद इसकी ऊंचाई तीन मीटर तक हो सकती है। सात आठ साल बाद यह फूल पहली बार खिलता है।



## कॉस्मॉस एट्रोसैन्गिनियस

ये मेक्सिको के जंगली फूल हैं। 100 साल पहले ही ये विलुप्त हो गए थे। सिर्फ एक प्रजाति का क्लोन 1902 में बनाया गया। ये फूल गर्मियों में वैनिला जैसी खुशबू देते हैं। इन्हें चॉकलेट कॉस्मॉस भी कहा जाता है।




# बड़ा दिलचस्प है स्क्रैपबुक बनाना

दोस्तों, आज हम तुमसे स्क्रैपबुक के बारे में बात करेंगे। स्क्रैपबुक बनाना सिर्फ काटने और चिपकाने के काम तक ही सिमटा हुआ नहीं है। यह एक अच्छी एक्टिविटी है। इससे तुम्हारी रचनात्मकता में निखार आएगा। अगर आसान शब्दों में समझें तो स्क्रैपबुक या स्क्रैप फाइल आकर्षक व रंगीन फोटो या तस्वीरों की एक एलबम होती है। काटने और चिपकाने वाली यह मजेदार एक्टिविटी एक तरह का आर्टवर्क भी है। जितना साधारण इसे समझना है, उतना ही आसान इसे बनाना भी है। वैसे स्क्रैपबुक कई तरह की होती हैं और इनको अलग रूप देना तुम पर निर्भर है।

## इस काम का फायदा

यह एक अच्छी एक्टिविटी है। फाड़ना, काटना, चिपकाना, लिखना यानी यह सिर्फ एक मजेदार कार्य ही नहीं है, बल्कि इस काम से तुम्हारी सोचने-समझने की क्षमता भी निखरती है। सोचने, समझने की शक्ति और दिमागी एक्सरसाइज से यह तुम्हारे लिए एक फायदेमंद प्रोजेक्ट हो सकता है। अच्छा होगा अगर काटने-चिपकाने-लिखने और तरह-तरह के फोटो ढूंढने का सभी काम तुम खुद करो। स्क्रैपबुक बनाना एक अच्छा क्रिएटिव आइडिया है, जो क्लास लेवल के अनुसार बदलता रहता है।

## कैसे करें तैयार

इस काम के लिए तुम्हें जरूरत होगी एक रेडीमेड स्क्रैपबुक की। इसके अलावा कैंची, फेविस्टिक या फेविकोल, पेंसिल, पेन, कलरपेन और मार्कर भी तुम्हें चाहिए होंगे। यदि तुम चाहो तो रेडीमेड स्क्रैपबुक की बजाय खुद भी स्क्रैपबुक बना सकते हो। सबसे पहले टीचर द्वारा दिए गए विषय के अनुसार स्टिकर या फोटो इकट्ठा करने की तैयारी करो। इसके लिए स्टिकर्स या कट एंड पेस्ट बुक या कोई चार्ट बुक शॉप से मिल जाएंगे। एक अच्छा आइडिया है अगर तुम घर पर रखे पुराने अखबार या मैगजीन से जरूरी फोटो काट लो। इसके अलावा अपनी स्क्रैपबुक में कुछ ऑरिजनल लुक देने के लिए खुद भी स्केच या ड्रॉइंग कर स्टिकर बना सकते हो। फोटो इकट्ठे करने के लिए तुम मम्मी-पापा या साथी स्टूडेंट्स की मदद ले सकते हो। स्टिकर और फोटो इकट्ठा करने के बाद बारी है स्क्रैपबुक का हर पेज सजाने की। स्टिकर्स-फोटो को सिम्पल या डिजाइन में काटकर अच्छे ढंग से चिपकाना स्क्रैपबुक को खूबसूरत लुक देने के लिए जरूरी है। ध्यान रहे कि फेविकोल से स्क्रैपबुक का कलर पेज गंदा न हो जाये। यह भी ध्यान रखो कि विषय के अनुसार ही हर पेज तैयार किया गया हो और सही जगह पर ही स्टिकर या फोटो पेस्ट की गई हो। फोटो चिपकाने के बाद बारी है हर पेज पर हैडिंग देने की। थीम के अनुसार पेज के सबसे ऊपर कहीं (दाएं-बाएं-मध्य) भी पेंसिल से लाइन खींचकर एक साफ-सुथरी हैडिंग लिखो। हैडिंग लिखने के लिए तुम कलरपेन, पेन या मार्कर का इस्तेमाल कर सकते हो। इसे स्टाइल में भी लिखा जा सकता है। यह पूरी तरह से तुम्हारे ऊपर है कि तुम सुंदर ढंग से एक अच्छी हैडिंग कैसे लिखते हो। अब स्टिकर या फोटो को नाम दो। कैप्शन लिखो। ध्यान रहे कि यह लिखने के लिए तुमने फोटो के नीचे थोड़ी जगह छोड़ी है। एक सामान्य स्क्रैपबुक में एनिमल, बर्ड्स, वेजिटेबल पेजों पर स्टिकर के नीचे नाम लिखे जाते हैं।

## पर्सनल स्क्रैपबुक

स्कूल में दिये जाने वाले इस काम का एक फायदा यह भी है कि इसका आइडिया हमेशा तुम्हारे साथ रह सकता है। तुम घर पर भी अपनी पर्सनल स्क्रैपबुक बना सकते हो। तुम मम्मी-डैडी, दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाते हो। मॉल, पार्क, फन पार्क, चिड़ियाघर या छुट्टियों में कहीं शहर से बाहर जाते हो। इन सब जगहों से ली गई फोटो से तुम एक अच्छी स्क्रैपबुक बना सकते हो। यहां से मिली कई छोटी-छोटी चीजों को इकट्ठा कर स्क्रैपबुक में लगा सकते हो।
इस तरह इन खूबसूरत पलों की यादें हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगी और इस आइडिया से तुम्हारी खुद से जुड़ी एक मौलिक (ऑरिजिनल) स्क्रैपबुक तैयार हो जाएगी। यह एक्टिविटी तुम कभी भी हफ्ते, महीने में एक बार कर सकते हो। इसलिए स्क्रैपबुक सिर्फ तुम्हारी पढ़ाई का ही हिस्सा नहीं है, बल्कि यह आगे चलकर तुम्हारी जिंदगी का भी हिस्सा बन सकती है।

# समझदार किट्टू

किट्टू खरगोश, बिट्टू बन्दर, टीटू हाथी और मींकू मेढक चारों पक्के दोस्त थे। सभी एक साथ ही स्कूल जाते और एक साथ ही स्कूल से लौटते। साथ घूमना-फिरना, एक साथ रिसेज में खाना खाना और घर जाने के बाद होमवर्क भी साथ ही करना। ये उनका रोज का रूटीन था। वैसे तो सारा समय साथ ही बिताते, लेकिन पढ़ने के समय शरारतें करते। इनमें बिट्टू बन्दर का ध्यान पढ़ाई में कम ही लग पाता था। लेकिन शरारतों में सबसे आगे रहता। चारों दोस्तो में किट्टू खरगोश सबसे इंटेलिजेंट था। क्लास में जब भी कोई प्रश्न पूछा जाता, सबसे पहले किट्टू ही हाथ उठाकर जवाब देता। लेकिन उसके दिल में तीनों दोस्तों के लिए बहुत प्यार था। वह हमेशा कहता, 'देखो जब तुम लोग कहते हो तो मैं तुम्हारे साथ खेलता हूं ना, तो फिर जब मैं पढ़ने को कहता हूं तो तुम्हें भी पढ़ना चाहिए ना? मेरे प्यारे दोस्तो, क्या तुमने वो कहावत नही सुनी कि 'खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब। पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब', इसलिए खेलने के समय खेलो, पर पढ़ने के समय पढ़ भी लिया करो।' लेकिन किट्टू की यह बात सुनकर टीटू हमेशा हंस देता। कहता, 'सारा दिन तो क्लास में मैडम की बात सुनकर बोर हो जाते हैं और बाहर आते ही तुम शुरू हो जाते हो'।

अचानक मींकू बीच में ही बोलता है, 'अरे यार, न्यूईयर की पार्टी में अब सिर्फ 3 या 4 दिन ही बाकी रह गए हैं, तो बताओ कि इस बार की पार्टी का क्या प्लान है।' तभी बिट्टू बन्दर उछलने लगता है। भई वाह, न्यू ईयर पार्टी में बड़ा मजा आएगा।

क्या-क्या सोचा है, इस बार पार्टी के लिए। किट्टू खरगोश फिर कहता है, भाई, पार्टी तो बाद में भी की जा सकती है। जरा ये सोचो कि एग्जाम आने वाले है। अगर हम अभी से ही पढ़ना शुरू कर दें तो हम टॉप भी कर सकते हैं। टीटू हाथी फिर बीच में आकर कहता है, अभी एग्जाम की बात नहीं होगी, पहले पार्टी, बाकी सब उसके बाद।

अब किट्टू खरगोश चुप हो जाता है और कहता है, ठीक है भाई पहले पार्टी, लेकिन इस बार पार्टी मेरे यहां नहीं रखेंगे। टीटू हाथी फटाफट बीच में बोलता है। यप्पी इस बार पार्टी मेरे यहां रखेंगे। तो तय हुआ इस बार केक के साथ पेप्सी, समोसे, चाऊमीन और बर्गर जरूर होना चाहिए। मींकू मेढक खुशी जाहिर करते हुए चिल्लाने लगता है। इस बार बड़ा मजा आने वाला है। लेकिन हां, गाना बजाना भी जरूर होना चाहिए, ठीक है। और बिट्टू बन्दर लीडर बनता हुआ कहता है, हां, जरूर होगा। अब सारे दोस्त पार्टी की तैयारियों में बिजी हो जाते हैं। कोई डेकोरेशन की तैयारियों में बिजी, तो कोई खाने के सामान की जिम्मेदारी लेता है। लेकिन किट्टू खरगोश बड़ा समझदार होता है। वो सिर्फ केक लाने की जिम्मेदारी लेता है, जिसमें ज्यादा समय न खराब हो सके। वो अपने बाकी दोस्तों की तरह अपना सारा ध्यान पार्टी में लगाता। थोड़ा सा भी समय मिलता तो तुरन्त पढ़ने लगता। लेकिन बाकी सब पढ़ाई को भूल कर न्यू ईयर की तैयारी में बिजी चल रहे थे। अब न्यू ईयर की ईवनिंग आती है। बिट्टू बन्दर बड़ा खुश होता है। आज तो पार्टी है,ये सोचकर बार-बार मींकू मेढक को फोन करके पूछता रहता है, मैं कौन-सी शर्ट पहनूं और खूब तैयारियां करता है। मींकू भी पार्टी को लेकर बड़ा एक्साइटेड होता है। वहीं किटटू खरगोश अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाता है।

शाम को सब टीटू हाथी के घर इकट्ठा होते हैं। थोड़ी ही देर में पार्टी भी शुरू हो जाती है। बिट्टू बंदर खूब डांस करता है। जब सारे दोस्त मस्ती कर रहे होते हैं तो किटटू वहीं बैठकर यह सोचता है कि इस बार यूनिट टेस्ट में इन सबका क्या होगा, क्योंकि पार्टी के चक्कर में इन्होंने तैयारी तो की ही नहीं है। किट्टू खरगोश यह सोचते हुए ही वहां से निकल जाता है और घर पहुंचकर पढ़ना शुरू कर देता है। अगले दिन यूनिट टेस्ट होता है। सभी पेपर देते हैं, लेकिन किट्टू के तीनों दोस्त उदास हो जाते हैं। पेपर देखकर उन्हें समझ ही नहीं आता कि क्या लिखें। उनका पेपर देखकर मैडम भी उन्हें खूब डांटती हैं और कहती हैं, 'तुम्हारा ध्यान पढ़ने में बिल्कुल नहीं है। क्या तुम्हें नहीं पता था कि आज पेपर है। अपने दोस्त किट्टू से कुछ सीखो, वो कितना समझदार है। उसने पूरा पेपर किया है'। अपने दोस्तों को डांट पड़ती देख किटटू को बहुत बुरा लगता है। कुछ दिन बाद ही रिजल्ट आता है। मैडम किट्टू को शाबाशी देते हुए कहती हैं, 'तुमने टॉप किया है बेटा, वेलडन।' मैडम सभी बच्चों को रिजल्ट दे देती हैं, लेकिन किटटू के तीनों दोस्तों को नहीं देतीं। उन्हें पेरेंट्स को बुलाने को कहती हैं। यह सुनकर सभी डर जाते हैं। किट्टू के रिक्वेस्ट करने पर मैडम बताती हैं कि तीनों फेल हो गए हैं। किट्टू बहुत उदास होता है और खुशी भुलाकर दोस्तों को दिलासा देते हुए कहता है, 'कोई बात नहीं दोस्तो, इस बार अच्छे से मेहनत करना और तुम ही टॉप करना। लेकिन मुझे बहुत दुख हुआ है।' इसके बाद से किट्टू के तीनों दोस्त सुधर गए और वो भी किट्टू की ही तरह पढ़ाई में ध्यान लगे। फिर तो तीनों में यह शर्त लगती थी कि कौन फर्स्ट आएगा और कौन सेकेंड।



**सीडब्ल्यूजी 2026:**

# जादुमनी का दमदार आगाज

**5-0 से जीत दर्ज कर बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह**

**ग्लास्गो, एजेंसी।** भारत के बॉक्सर जादुमनी सिंह मंडेन्गबाम ने कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) 2026 का आगाज दमदार प्रदर्शन के साथ किया है। जादुमनी ने पुरुषों के 55 किलोग्राम वर्ग के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में स्कॉटलैंड के एरन कलन को 5-0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। ग्लासगो के एसईसी हॉल में खेले गए इस मुकाबले में जादुमनी शुरू से आखिर तक विपक्षी बॉक्सर पर पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने तेज पंच, सटीक निशाने और मजबूत डिफेंस के दम पर अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरे मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। सभी पांच जजों ने हर राउंड में जादुमनी को विजेता माना और उन्हें 30-27 का एक जैसा स्कोर दिया।

घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद स्कॉटलैंड के एरन कलन भारतीय खिलाड़ी की गति और रणनीति के आगे बेबस नजर आए।



भारतीय बॉक्सर के एक के बाद एक पंचों का एरन कलन के पास कोई जवाब नहीं था। इस जीत के साथ जादुमनी राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए हैं। अब 26 जुलाई को उनका मुकाबला पाकिस्तान के रहमान से होगा। जादुमनी अगर पाकिस्तानी बॉक्सर के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रहते हैं, तो वह क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लेंगे। जादुमनी को भारत की ओर से पदक का बड़ा उम्मीदवार माना जा रहा है।

जादुमनी की इस जीत से भारतीय बॉक्सिंग टीम ने प्रतियोगिता में मजबूत शुरुआत की है। भारतीय दल इस बार ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरा है। हालांकि, ग्लासगो में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में इस बार बैडमिंटन, रेसलिंग, हॉकी, क्रिकेट और शूटिंग को शामिल नहीं किया गया है। इन खेलों में पिछले बार भारत ने कई पदक अपने नाम किए थे। इससे पहले, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने बिना रिंग में उतरे ही बॉक्सिंग में भारत के लिए पहला पदक पक्का कर लिया था, क्योंकि उन्हें पहले राउंड में 'बाय' मिला और वह सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गईं। नियमों के अनुसार, कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल में हार के बावजूद खिलाड़ी को कांस्य पदक दिया जाता है। लवलीना 31 जुलाई को पहली बार रिंग में नजर आएंगी और उनका मुकाबला टाफाकी से होगा। लवलीना अगर टाफाकी के खिलाफ जीत दर्ज करने में कामयाब रहती हैं, तो उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो जाएगा।

**FIH Youth Hockeyzs:**

# भारतीय टीम का गदर, पाकिस्तान को 7-3 से धोया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओमान के मस्कट में खेली जा रही FIH यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 में भारतीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने 24 जुलाई को अपना दबदबा कायम रखा. भारत ने एक ही दिन में दो बड़ी जीत दर्ज कीं, जहां उसने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 7-3 से हराने से पहले मेजबान ओमान को 10-1 से करारी शिकस्त दी.

दिन के सबसे हाई-वोल्टेज मुकाबले में कप्तान केतन कुशवाहा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया. हाफ-



टाइम तक रोमित पाल, करन गौतम और कप्तान केतन के गोलों की बदौलत भारत 3-0 से आगे रहा. फिर दूसरे हाफ में प्रहलाद राजभर, शाहरुख अली, राहुल यादव और केतन के गोलों ने भारत की 7-3 से जीत पक्की कर दी.

# विराट कोहली से मेरा कोई झगड़ा नहीं...

**● ट्रेविस हेड ने IPL विवाद पर पहली बार तोड़ी चुप्पी, ट्रोलिंग पर भी छलका दर्द**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने आईपीएल 2026 के दौरान विराट कोहली के साथ विवाद और उसके बाद हुई सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर पहली बार खुलकर अपनी बात रखी है. हेड ने उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के बाद उनके और विराट कोहली के रिश्तों में खटास आ गई थी. दरअसल, मैच खत्म होने के बाद कैमरे में एक ऐसा दृश्य कैद हुआ था, जिसमें देखा गया कि विराट कोहली ने ट्रेविस हेड से हाथ नहीं मिलाया. इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों



खिलाड़ियों के बीच मनमुटाव की खबरें तेजी से फैल गई. हालांकि अब हेड ने खुद इन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया है. कोड स्पोर्ट्स से बातचीत में ट्रैहेड ने कहा कि विराट कोहली के साथ उनके रिश्ते सामान्य हैं और किसी तरह के विवाद की बात पूरी तरह बेबुनियाद है. उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पैच-अप करने जैसा कुछ है. ऐसी कोई बात ही नहीं है. टूर्नामेंट जैसा चला, वैसा ही सब कुछ हुआ. इसमें कोई हैरानी वाली बात नहीं थी.' हेड के इस बयान के बाद विराट और उनके बीच विवाद की सभी अटकलों पर विराम लग गया है. हेड ने बताया कि मैदान पर होने वाली घटनाओं को वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर संभाल लेते हैं, लेकिन जब सोशल मीडिया पर उनके परिवार को निशाना बनाया गया तो स्थिति काफी अलग हो गई.

**ट्रेविस हेड का दर्द छलक पड़ा**

उन्होंने कहा, 'जेसिका और मैं चीजों को सही नजरिए से देखते हैं. हम जानते हैं कि यह उसी दुनिया का हिस्सा है, जिसमें हम रहते हैं. लेकिन असली परेशानी तब हुई, जब मामला परिवार के दूसरे सदस्यों तक पहुंच गया. वे लोग ऐसी चीजें देखने के आदी नहीं हैं.' विवाद के दौरान ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका हेड को भी सोशल मीडिया पर कई आपत्तिजनक संदेश मिले थे. ट्रेविस हेड ने कहा कि उनकी पत्नी ने पूरे मामले को बेहद परिपक्वता के साथ संभाला. उन्होंने कहा, 'कुछ दिनों बाद लोग सब भूल जाते हैं. जेसिका ने इस पूरे मामले को शानदार तरीके से संभाला. असली चुनौती यह होती है कि परिवार के बाकी लोग इन चीजों को किस तरह लेते हैं.'

हेड ने साफ संकेत दिया कि खिलाड़ियों की आलोचना खेल का हिस्सा हो सकती है, लेकिन उनके परिवार को सोशल मीडिया पर निशाना बनाना सही नहीं है.

**सीडब्ल्यूजी: डे-2**

# भारत को पहला पदक, झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में जीता कांस्य

**ग्लास्गो, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 के दूसरे दिन भारत को पहला पदक मिला। झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीता। अन्य खेलों में देश के खिलाड़ियों का हाल कैसा रहा? पैरा तैराकी समेत अन्य खेलों में किन भारतीय खिलाड़ियों ने कैसा प्रदर्शन किया? कौन नजदीकी अंतर से पदक से चूक गए? राष्ट्रमंडल खेल 2026 का दूसरा दिन फिलहाल जारी है। पैरा तैराकी और पैरा पावरलिफ्टिंग में भारत को निराशा मिली है।




पुरुष और महिला दोनों वर्ग में भारत पदक लाने के करीब था, लेकिन अंत में पिछड़ गया। वहीं, पैरा तैराकी में बुडिगिना काफी करीब से कांस्य अपने नाम नहीं कर सके। आइए जानते हैं राष्ट्रमंडल खेल के दूसरे दिन क्या-क्या हुआ? ग्लास्गो में भारत को पहला पदक किसने दिलाया? पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पदक का खोल दिया है। पुरुष हेवीवेट के फाइनल में झंडू ने 130.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। झंडू ग्रुप बी में शीर्ष पर थे और एक समय स्वर्ण पदक जीतने के करीब थे, लेकिन नाइजीरिया के रिलुवान इदरिस और इंग्लैंड के मैथ्यू हार्डिंग ने उन्हें तीसरे स्थान पर धकेल दिया। इदरिस ने 132.8 अंकों के साथ स्वर्ण और हार्डिंग ने 131 अंक के साथ रजत अपने नाम किया। भारत के एक अन्य पैरा पावरलिफ्टर सुधीर 114.1 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे।

# 'माइकल फेल्प्स', चाड ले क्लोस बने इतिहास के सबसे सफल पुरुष एथलीट



**ग्लास्गो, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तैराक चाड ले क्लोस कॉमनवेल्थ गेम्स इतिहास के सबसे सफल पुरुष एथलीट बन गए हैं। ग्लास्गो में हो रहे गेम्स के दूसरे दिन पुरुषों की 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में अपनी टीम के साथ मिलकर उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वह कॉमनवेल्थ गेम्स इतिहास के सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। 34 साल के क्लोस ने 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स डेब्यू किया था। वह 5वीं बार गेम्स में हिस्सा ले रहे हैं। ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के दिग्गज स्विमर माइकल फेल्प्स के नाम है।

**चाड ले क्लोस के 19 मेडल हुए**

ब्रॉज मेडल के साथ ही चाड ले क्लोस के करियर में कॉमनवेल्थ गेम्स पदकों की संख्या 19 हो गई है। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के निशानेबाज फिल एडम्स और इंग्लैंड के माइक गॉल्ट को पीछे छोड़ दिया है। दोनों ने ही 19-19 मेडल जीते थे। रिकॉर्ड बनाने के बाद भावुक ले क्लोस ने कहा- मुझे ब्रॉन्ज मेडल पर नहीं गोल्ड मेडल पर रोना चाहिए था, लेकिन सच कहूं तो यह उपलब्धि मेरे लिए दुनिया के बराबर है।




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जेंटीना के स्टार डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गर्व के साथ फुटबॉल से विदा ले रहे हैं। 38 वर्षीय डिफेंडर के अनुसार, उन्होंने नेशनल टीम की जर्सी पहनते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इस अनुभवी सेंटर-बैक खिलाड़ी ने 17 साल से ज्यादा समय तक अर्जेंटीना की ओर से खेलने के बाद रिटायरमेंट की घोषणा की है। ओटामेंडी ने अर्जेंटीना के लिए 139 मैच खेले और फीफा वर्ल्ड कप तथा दो कोपा अमेरिका खिताब जीते। उन्होंने अपने विदाई संदेश को अपने करियर का सबसे मुश्किल पल बताया। अर्जेंटीना की 'गोल्डन जेनरेशन' के अहम खिलाड़ी ओटामेंडी ने चार फीफा वर्ल्ड

**निकोलस ने किया इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान**

# मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं

कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और देश के सबसे सफल डिफेंडरों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई। ओटामेंडी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'आज मुझे अपने पूरे करियर के सबसे मुश्किल शब्द लिखने पड़ रहे हैं। मैंने बहुत कम उम्र से ही अर्जेंटीना की नेशनल टीम की जर्सी पहनने का सपना देखा था; यह फुटबॉल से मिला मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान था। मैंने पूरी शिद्दत, गर्व और इस जिम्मेदारी के एहसास के साथ इसका बचाव किया कि लाखों अर्जेंटीना वासियों के लिए इसका क्या मतलब है। ओटामेंडी ने अर्जेंटीना के लिए अपना आखिरी मैच फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मैच के रूप में खेला। इस मुकाबले में अर्जेंटीना को स्पेन के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। निराशाजनक नतीजे के बावजूद, ओटामेंडी ने कहा कि उन्हें टीम की कोशिश पर गर्व है। 'किस्मत को यही मंजूर था कि मेरा आखिरी मैच वर्ल्ड कप फाइनल हो। नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा हम चाहते थे, लेकिन मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि इस ग्रुप ने आखिरी सेकंड तक कोशिश की। उन्होंने आगे लिखा, 'मैं इस सुकून के साथ विदा ले रहा हूं कि मैंने मैदान पर अपना सब कुछ झोंक दिया। मैंने कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी, कभी भरोसा नहीं खोया और हमेशा यही महसूस किया कि यह जर्सी मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान थी। '

# वेस्टइंडीज की टीम में इस 'मिस्ट्री स्पिनर' की एंट्री




**पाकिस्तानी बैटर्स की उड़ेगी नींद!**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी. यह सीरीज 25 जुलाई से 6 अगस्त तक खेली जाएगी और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी. ऐसे में दोनों टीमों के लिए ये सीरीज काफी अहम है. श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में 1-0 से टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है. अनुभवी ऑलराउंडर रोस्टन चेज विंडीज की टीम की कमान संभालते रहेंगे. उधर बाएं हाथ के स्पिनर जोशुआ बिशप को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया है. 26 साल के बिशप का घरेलू रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है. उन्होंने सिर्फ 25 फर्स्ट क्लास मैचों में 23.90 की औसत से 116 विकेट झटके हैं. वहीं उन्होंने फर्स्ट क्लास मैचों में 30.76 के एवरेज से 1046 रन बनाए हैं. बिशप ने 54 लिस्ट-ए मैचों में 79 और 16 टी20 मुकाबलों में 12 विकेट भी चटकाए हैं.

**मैकेंजी की टीम में वापसी:** 25 वर्षीय ओपनिंग बल्लेबाज किर्क मैकेंजी की टेस्ट टीम में वापसी हुई है. उन्होंने आखिरी टेस्ट 2024 में इंग्लैंड दौरे पर खेला था .मैकेंजी ने वेस्टइंडीज चैंपियनशिप के हालिया सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने छह पारियों में 323 रन बनाए और उनका औसत 64.60 रहा. शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने टीम में वापसी की है.

# भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का दिल्ली में आयोजन!

**● तारीखों में हो सकता है बदलाव**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि सितंबर में वह नई दिल्ली में भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज की मेजबानी के लिए तैयार है। हालांकि, बांग्लादेश और भारत के बीच सीरीज पर अभी असमंजस जारी है।

फिलहाल अफगानिस्तान की मेजबानी में दिल्ली में होने वाली सीरीज की तारीखें 13, 15 और 17 सितंबर बताई गई हैं। मगर भारत और बांग्लादेश सीरीज के चलते इसकी तारीखें बदल सकती



हैं, मगर सीरीज होना पक्का है। आपको बता दें कि रिपोर्ट के मुताबिक भारत और बांग्लादेश के बीच छह मैचों की व्हाइट बॉल सीरीज (तीन टी20 और तीन वनडे) की उम्मीदें अभी बरकरार हैं। शुक्रवार को यह खबर सामने आई है कि भारतीय सरकार ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को 18वें BRICS सम्मेलन (जो सितंबर में होना है) के लिए आमंत्रित किया है।

इसके बाद उम्मीदें हैं कि दोनों क्रिकेट बोर्ड और सरकारों के बीच संबंध फिर पुराने जैसे हो जाएंगे। जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 1 से 13 सितंबर तक सीरीज की मेजबानी कर सकती है। इसी कारण भारत और अफगानिस्तान सीरीज की तारीखें थोड़ी बदल सकती हैं। क्रिकबज ने पहले इस बात की जानकारी दी थी कि बांग्लादेश बोर्ड के द्वारा मीडिया राइट्स के लिए अभी EoI दस्तावेज नहीं जारी किए गए हैं। पहले सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों के कारण भारत के बांग्लादेश को आगे बढ़ाए जाने की जानकारी सामने आई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### छह दिन बाद फिर शुरू हुई श्री अमरनाथ यात्रा, भगवती नगर से 18वां जत्था बालटाल के लिए रवाना

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू जम्मू-कश्मीर में लगातार छह दिनों तक खराब मौसम के कारण स्थगित रही श्री अमरनाथ यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। शनिवार को श्री अमरनाथ यात्रा का 18वां जत्था जम्मू के भगवती नगर से बालटाल मार्ग के जरिए रवाना हुआ। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए खराब मौसम के चलते यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया था। हालांकि, यात्रा स्थगित रहने के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। शनिवार को दोबारा यात्रा शुरू होने पर श्रद्धालु उत्साहित दिखाई दिए। पहली बार बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे एक श्रद्धालु ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'मेरे दिमाग में बस यही है कि बाबा के दर्शन करने हैं। इसलिए हम लोग बारिश के समय में भी यहां दर्शन के लिए पहुंचे हैं।' तीसरी बार अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू पहुंचे एक अन्य श्रद्धालु ने कहा, 'मुझे तीसरी बार यहां आने का अवसर मिला है। मैं पहली बार 2023 में यहां आया था। अभी यहां पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्थाएं हैं।' मध्य प्रदेश के सागर जिले के निवासी एक व्यक्ति ने कहा, 'मैंने पिछली बार 2002 में अपने गुरु के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए आया था। बारिश के दौरान हम प्रार्थना कर रहे थे कि यह रुकनी चाहिए, क्योंकि अमरनाथ यात्रा में कुछ दिन ही बाकी हैं।' छह दिन तक रुकी रही अमरनाथ यात्रा के फिर से शुरू होने पर एक और श्रद्धालु ने कहा, 'यात्रा फिर से शुरू होने से मैं बहुत खुश हूं। लोग पिछले 6-7 दिनों से यहां फंसे हुए थे।

### दिल्ली के वसंत कुंज में नाले में गिरी कार, आर्मी अधिकारी के 20 वर्षीय बेटे की मौत ; अमेरिका में कर रहा था पढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज साउथ इलाके में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमेरिका में पढ़ाई कर रहे 20 वर्षीय छात्र की मौत हो गई. हादसा नांगल देवत रेड लाइट के पास हुआ, जहां फिसलन भरी सड़क पर कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और पलट गई. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई की सुबह थाना वसंत कुंज साउथ में नांगल देवत रेड लाइट के पास सड़क हादसे की पीसीआर कॉल मिली. पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक कार नाले में पलटी हुई थी. हादसे में 20 वर्षीय यशवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जांच में पता चला कि यशवेंद्र अपनी महिला मित्र के साथ कार से जा रहा था, दोनों अमेरिका के एक ही शिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और वहीं उनकी दोस्ती हुई थी. पिछली रात दोनों एक दोस्त के घर रुके थे और शुक्रवार सुबह महिला मित्र को उसके वसंत कुंज स्थित घर छोड़ने जा रहे थे. नांगल देवत रेड लाइट के पास तेज मोड़ लेते समय सड़क पर फिसलन होने के कारण कार चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार नाले में गिरकर पलट गई. डीसीपी दक्षिण-पश्चिम के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण सड़क पर फिसलन प्रतीत हो रहा हैय दुर्घटना के समय कार मृतक यशवेंद्र चला रहा था, जबकि वाहन उसकी महिला मित्र का था. महिला सहयात्री के बयान में भी सड़क पर फिसलन की बात सामने आई है. मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच जारी है. पुलिस के अनुसार, मृतक यशवेंद्र भारतीय सेना के एक अधिकारी का बेटा था. वहीं महिला सहयात्री वसंत कुंज की रहने वाली है. उसके पिता ओखला स्थित एक निजी कंपनी में साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि उसकी मां गृहिणी है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जांच में हादसे की वजह सड़क पर फिसलन मानी जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

### महाराष्ट्र टी ई टी पेपर लीक मामले में बड़ा ऐक्शन, बिहार से गिरफ्तार किया गया मास्टरमाइंड बिरेंद्र गुप्ता

**मुंबई, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी के पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन के बीच ही महाराष्ट्र टी ई टी पेपर लीक मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी बिरेंद्र कुमार सिंह को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिकभिवंडी पुलिस गिरफ्तार करने के बाद मुख्य आरोपी को लेकर पुणे पहुंची है। अब उसे भिवंडी पुलिस स्टेशन ले जाया जाएगा और पुछताछ की जाएगी। बिरेंद्र कई महीनों से गिरफ्तारी से बच रहा था। कई चर्चित पेपर लीक मामलों में उसका ना आ चुका है। एक न्यूज चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में उसनने 2024 के नीट पेपर लीक को लेकर कई हैरान करने वाले दावे किए थे। उसने बताया था कि पेपर लीक गैंग कैसे काम करता है। इसके अलावा एनटीए की परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों के बारे में भी उसने बताया था। महाराष्ट्र टी ई टी पेपर लीक मामले में बिरेंद्र गुप्ता से पहले कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसमें उसकी पत्नी का भी नाम शामलि है। महाराष्ट्र पुलिस का कहना है कि बिरेंद्र की गिरफ्तारी से पेपर लीक नेटवर्क को लेकर कई बातें सामने आएँगी।

# योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई: देहरादून में नकली दवा फैक्ट्री पर छापा, एक करोड़ की नकली दवाएं बरामद, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नीति के तहत चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। लखनऊ के अमीनाबाद में बरामद नकली 'फ्लोज़ेन दवा के सैंपल से शुरू हुई जांच ने आखिरकार देहरादून में संचालित अवैध दवा निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने डिजिटल साक्ष्यों और मोबाइल चैट के आधार पर पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया। क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एफएसडीए ने देहरादून में संचालित अवैध नकली दवा निर्माण फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की नकली दवाएं, पैकेजिंग सामग्री और आधुनिक मशीनरी बरामद की है। इस संयुक्त अभियान में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

**अमीनाबाद की कार्रवाई बनी बड़े खुलासे की कड़ी :** 19 जुलाई 2026 को थाना अमीनाबाद, लखनऊ में नकली दवाओं के भंडारण और बिक्री के मामले में दर्ज मुकदमे के दौरान 43 प्रकार की नकली दवाएं बरामद हुई थीं। शुरुआती जांच में मिले दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर एफएसडीए मुख्यालय ने विशेष प्रवर्तन टीम गठित की। टीम ने मोबाइल डेटा, व्हाट्सएप चैट, पैकेजिंग पैटर्न और सप्लाई चेन का विश्लेषण करते हुए पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं।



जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि गिरोह का मुख्य सप्लायर राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा गाजियाबाद में मौजूद है। इसके बाद एफएसडीए की विशेष टीम ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के सहयोग से उसे 22 जुलाई को केडब्ल्यू मॉल, राजनगर एक्सटेंशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने बताया कि अमीनाबाद में हुई कार्रवाई के दौरान बरामद टैबलेट 'फ्लोज़ेन ए ए' दवा का नमूना जांच में स्प्यूरियस (नकली) पाया गया था। इसी बीच गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा के मोबाइल की डिजिटल जांच में स्न्द्यश्5द्दठ्ठ ब्रांड की नकली स्ट्रिप्स की तस्वीरें, पैकेजिंग से जुड़े दस्तावेज और मशीनों से संबंधित व्हाट्सएप चैट मिलीं। इन डिजिटल साक्ष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि लखनऊ में बरामद नकली दवा और देहरादून में संचालित अवैध फैक्ट्री एक ही अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। इसी सुराग के आधार पर जांच आगे बढ़ी और देहरादून स्थित फैक्ट्री पर छापा मार कर पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया गया।

**मोबाइल की जांच से खुलीं फैक्ट्री की परतें :** गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल की डिजिटल फॉरेंसिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। व्हाट्सएप चैट में प्रसिद्ध दवा ब्रांडों की नकली स्ट्रिप्स, पैकेजिंग सामग्री, मशीनों के स्पेयर पार्ट्स और निर्माण से जुड़ी तस्वीरें मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि पैकेजिंग पर जानबूझकर ऐसे बदलाव किए गए थे जिन्हें आम ग्राहक आसानी से पहचान नहीं सकता था। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर देहरादून स्थित अवैध फैक्ट्री का पता चला। आरोपी की निशानदेही पर उत्तर प्रदेश एफएसडीए, क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और उत्तराखंड एफएसडीए के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर न्यू हाईवे रोड, ईस्ट होपटाउन स्थित परिसर में छापा मारा। यहां एक कमरे में आधुनिक अलू-अलू पैकिंग मशीन, स्ट्रिप मशीन, इंकजेट बेल्ट प्रिंटर, कंप्रेसर, हाई वोल्टेज स्टेबलाइजर, बड़ी मात्रा में सेमीफिनिश टैबलेट और कैप्सूल, प्रिंटेड एल्युमिनियम फॉयल, रैपर और मास्टर कार्टन बरामद किए गए। मौके पर मिले साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि यहां बिना किसी वैध लाइसेंस के नकली दवाओं का निर्माण कर उन्हें प्रसिद्ध कंपनियों की पैकेजिंग में भरकर बाजार में भेजने की तैयारी की जा रही थी।

**नामी कंपनियों के नाम का हो रहा था दुरुपयोग :** छापेमारी के दौरान कई चर्चित दवा ब्रांडों की नकली पैकिंग सामग्री बरामद हुई। अधिकारियों का मानना है कि इन दवाओं को असली बताकर विभिन्न राज्यों के बाजारों में सप्लाई किया जा रहा था। इस मामले में गौरव त्यागी, राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा, विपिन भटनागर और विनय चंद को नामजद किया गया है। राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा तथा विनय चंद को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं, जिनमें संगठित अपराध से संबंधित धारा 111 भी शामिल है, के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जांच एजेंसियां पूरे आर्थिक नेटवर्क तथा सप्लाई चेन की भी पड़ताल कर रही हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में नकली दवाओं के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग केवल नकली दवाएं जब्त करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निर्माण से लेकर सप्लाई और बिक्री तक पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई जारी रखेगा।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा हमला, बोले- समर्थक भी पार्टी की कार्यशैली से शर्मिंदा महसूस कर रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए दावा किया कि अब भाजपा के समर्थक भी पार्टी की कार्यशैली से निराश और शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और वाहनों से भाजपा के झंडे हटाने शुरू कर दिए हैं, आने वाले समय में भाजपा उनके दिल-दिमाग से भी उतर जाएगी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने समर्थकों को प्रदर्शनकारियों के बीच भेजकर युवाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जबकि दूसरी ओर उसके समर्थक खुद पार्टी से दूरी बनाने लगे हैं। उन्होंने अयोध्या, दिल्ली, मुंबई और लखनऊ से जुड़े विभिन्न मामलों का उल्लेख करते हुए भाजपा पर जनभावनाओं के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। सपा प्रमुख ने कहा कि पिछले कई वर्षों तक भाजपा का बचाव करने वाले उसके कट्टर समर्थकों को भी अब पार्टी की कार्यशैली पर पछतावा होने लगा है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग, महंगाई, शिक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित धांधली तथा विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई जैसे कई गंभीर आरोप भी लगाए।

**युवाओं के मुद्दे पर भाजपा को घेरा :** अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एक ओर भाजपा और उसके सहयोगी अपने लोगों को प्रदर्शनकारियों के बीच भेजकर युवाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जब ऐसे लोगों को 'भाजपाई' कहा जाता है तो वे चिढ़ जाते हैं।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थक अयोध्या में कथित 'चढ़ावा-चंदा-दान चोरी ', दिल्ली में बच्चियों पर कथित अत्याचार, युवाओं के खिलाफ हिंसा, मुंबई में आंदोलनकारियों को कथित रूप से ड्रग्स के झूठे मामलों में फंसाने की धमकी और लखनऊ अग्निकांड में मृतक बच्चे की मां के साथ मुख्यमंत्री के कथित दुर्व्यवहार जैसी घटनाओं से शर्मिंदा हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के 'पेड और अनपेड' समर्थक भी अब जनाक्रोश को देखते हुए खुलकर सामने आने से बच रहे हैं। उनके अनुसार, भाजपा समर्थकों के व्हाट्सएप समूह भी पहले की तरह सक्रिय नहीं हैं और वे सार्वजनिक स्थानों पर जाने से भी परहेज कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों में भाजपा के कट्टर समर्थकों ने हर मुद्दे पर पार्टी का बचाव किया और इसके लिए अपने मित्रों तथा परिचितों से भी विवाद मोल लिया।

# मप्र में बनेंगे 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट, 3 माह में होगा परीक्षा जैसे अन्य मामलों का निराकरण : मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समय की जरूरत है कि युवाओं से संबंधित न्यायिक फैसले द्रुत गति से हों। इसके लिए मध्य प्रदेश में 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स (भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में) बनाये जायेंगे। पेपर लीक और परीक्षा सहित अन्य मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मात्र 3 माह में निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मध्य प्रदेश विधानसभा स्थित सेंट्रल हॉल में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षक और विद्यार्थी वर्ग के कल्याण से जुड़े सभी विषयों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यार्थियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता के हित में जब भी कोई निर्णय लिया जाता है, मध्य प्रदेश उसे लागू करने और निर्णय के अनुरूप नीतिगत व्यवस्था बनाने वाला पहला राज्य होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन में विद्यार्थियों के कल्याण और उनसे जुड़े सभी विषयों को लेकर बेहद सकारात्मक भाव हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही नीट पेपर लीक की खबर सामने आई, उसकी जांच के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की। प्रकरण दर्ज हुआ और देशभर में तेज गति से आरोपितों की गिरफ्तारियां भी की गईं, फिर दोबारा नीट परीक्षा कराई गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी सहानुभूति और संवेदना विद्यार्थियों के साथ है। हम हर परिस्थिति में विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में नीट परीक्षाएं बेहतर और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हों, इसके लिए स्टैंडर्ड ऑफ प्रोटोकॉल्स (एसओपी) तैयार कर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मध्य प्रदेश वह राज्य है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश में सबसे पहले लागू की गई। पिछले ढाई साल के कार्यकाल में राज्य सरकार ने 3 नए शासकीय विश्वविद्यालय प्रारंभ किए हैं। प्रदेश में विकास की गतिविधियों को गति देकर तेजी लाने के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के लिए कल्याण की चिंता कर इनके हित में निर्णय लेना भी हमारा कर्तव्य है।

# इंडोनेशिया से डिपोर्ट कर पंजाब लाया गया गैंगस्टर जोबन बिल्ला



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने फरार गैंगस्टर जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन बिल्ला को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से डिपोर्ट कराकर भारत लाने में सफलता हासिल की है। पुलिस इसे अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कामयाबी मान रही है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि एजीटीएफ ने ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्राडिशन सेल पंजाब और केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। यह अभियान करीब छह महीने तक चला और इसे ऑपरेशन नोमैड हंट नाम दिया गया था। अमृतसर ग्रामीण के अर्जन मंगा गांव का रहने वाला जोबन बिल्ला बंबीहा गैंग का सक्रिय सदस्य बताया गया है। पुलिस के अनुसार वह नशा तस्करी, फिरौती मांगने और गैंग के सदस्यों को लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। जोबन बिल्ला पंजाब में दर्ज चार हत्या के मामलों में वांछित है। इनमें 13 वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला भी शामिल है। इसके अलावा उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, जोबन बिल्ला का नाम 10 से अधिक एफआईआर में दर्ज है। उस पर वर्ष 2023 में सठियाला गांव में जरनैल सिंह की हत्या में शामिल होने का भी आरोप है। इसके अलावा वह अपने भाई गुरविंदर सिंह के साथ मिलकर अमृतसर के ग्रामीण इलाकों में व्यापारियों और दुकानदारों से लाखों रुपये की फिरौती मांगता था। पैसे नहीं देने पर गोली चलाने की धमकियां भी दी जाती थीं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी से बचने के लिए वह दुबई सहित कई अन्य देशों से अपना नेटवर्क चला रहा था। लगातार निगरानी और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय के बाद उसे जकार्ता से डिपोर्ट कराया गया। अब पंजाब पुलिस उससे पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाएगी।




# बांग्लादेश : पूर्व राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की मुश्किलें बढ़ीं, एनसीपी ने की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**ढाका, (एजेंसी)।** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के बाद देश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने उनकी तत्काल गिरफ़्तारी की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि शहाबुद्दीन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन और मानवाधिकार उल्लंघनों पर चुप्पी साधकर तानाशाही व्यवस्था का समर्थन किया। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रथम आलो के मुताबिक ढाका स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एनसीपी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन ने कहा कि 2024 के जन-आंदोलन के शहीदों को न्याय दिलाने और भविष्य में तानाशाही की वापसी रोकने के लिए शहाबुद्दीन के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद उन्हें प्राप्त संवैधानिक सुरक्षा समाप्त हो गई है और अब उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई संभव है। अख्तर हुसैन ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की भी आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी पहले से जानती थी कि शहाबुद्दीन राष्ट्रपति पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं, लेकिन महाभियोग चलाने के बजाय उन्हें विभिन्न सरकारी और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल कर उनकी स्थिति मजबूत करने में मदद की। वहीं, एनसीपी के वरिष्ठ संयुक्त संयोजक आरिफुल इस्लाम अदीब ने आरोप लगाया कि बीएनपी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति पद पर अपना पसंदीदा उम्मीदवार बैठाना चाहती है और इसी रणनीति के तहत शहाबुद्दीन को हटाने की प्रक्रिया तेज की गई। इस बीच, संविधान के तहत कार्यवाहक राष्ट्रपति का पदभार संभालने वाले स्पीकर हाफि ज उद्दीन अहमद ने प्रेसवार्ता में बताया कि मोहम्मद शहाबुद्दीन ने गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और किडनी संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। हाल ही में उन्हें ऑटोनोमिक न्यूरोपैथी का भी पता चला, जिसके कारण उन्हें कभी-कभी बेहोशी के दौरे पड़ते हैं। इन परिस्थितियों में उनके लिए संवैधानिक दायित्व निभाना संभव नहीं रह गया था। स्पीकर ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 50(3) के तहत राष्ट्रपति का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और अनुच्छेद 54 के अनुसार उन्होंने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का इस्तीफा पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ है और इसे लेकर किसी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। हाफि ज उद्दीन अहमद ने शहाबुद्दीन के बारे में व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही उनका चुनाव अवामी लीग सरकार के दौरान हुआ था, लेकिन उन्होंने हमेशा जनता द्वारा चुनी गई सरकार के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**